दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज



आवश्यकता
सुपौल,सीतामढ़ी
मधुबनी,बेगूसराय,मुंगेर,जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483,6200031466



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा रविवार 05 मई 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 470


## संक्षिप्त खबरें ।

### देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हैं हिन्दू, तो फिर हिन्दुओं को खतरा कैसे, तेजस्वी यादव के सवाल से मचा बवाल, डिप्टी सीएम का करारा जवाब



**लोक तंत्र की आवाज**

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। पक्ष विपक्ष एक दूसरे पर जोरदार हमला बोल रहे हैं। इस बार का लोकसभा चुनाव एनडीए बनाम इंडी गठबंधन के बीच है। एनडीए का दावा है कि कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष हिन्दुओं के रिजर्वेशन को खत्म कर मुस्लमानों को देना चाहते हैं। वहीं इंडी अलाइंस का दावा है कि बीजेपी सरकार देश की संविधान को खत्म करना चाहती है और आरक्षण को भी समाप्त करना चाहती है। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पूछा है कि जब राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और देश के सभी मुख्यमंत्री हिंदू हैं तो फिर हिंदू खतरे में कैसे हैं। तेजस्वी यादव के इस सवाल ने देश में नया बखेरा शुरू कर दिया है। वहीं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने इस मामले में तेजस्वी यादव को करारा जवाब दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा है कि, लालू परिवार देश और बिहार को लूटने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि, जिस तरीके से कर्नाटक और तेलंगाना में मुसलमान को रिजर्वेशन दिए जाने की बात कही गई है। उसी का जो विरोध हो रहा है देश को श्रेष्ठ बनने में मोदी जी लगे हैं और बिहार देश को लूटने में लालू परिवार लगा है।वहीं इस मामले में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि, इन लोगों के पास मुद्दा नहीं है। मुद्दा यह है कि आप सुशासन और भ्रष्टाचार पर बात क्यों नहीं करते। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल कांग्रेस को सीधे चुनौती दी है कि आपके राज्य में और आपका समय में सुशासन कितना था और अभी कितना है। प्रधानमंत्री के बिहार दौरे पर आने और तेजस्वी यादव के दरभंगा में एम्स कब बनेगा का जवाब देते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि निश्चित तौर पर उनका स्वागत है। प्रधानमंत्री ने ही देश को जो दिया है और आगे भी फिर वही देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी से ही उम्मीद है और आगे जो करेंगे वह प्रधानमंत्री ही करेंगे।

# दिल्ली जैसे एक शहजादे पटना में भी है, दरभंगा में पीएम मोदी ने तेजस्वी पर साधा निशाना

**चुनाव सभा**

**लोक तंत्र की आवाज**



**दरभंगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर दरभंगा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक व्यक्ति के द्वारा लाए गए स्टैचू की तारीफ की और खुद के लिए उसे मांगा. पीएम मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए लोगों को बधाई दी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूर्वजों की उम्मीद थी कोई बेटा पैदा होगा और 500 साल का इंतजार खत्म करेगा. इंतजार सिर्फ राम जी का नहीं बल्कि सीता मैया का भी था. पांच सौ साल तक हमारे पूर्वज संघर्ष करते रहे. उन्हें पता था कि हमारा कोई बेटा पैदा होगा. हम अपने जीवन काल में ये शुभ अवसर देख रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए की 10 साल की सरकार में भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गयी है. जब कोरोना काल आया था तो लोगों को लगा था भारत बर्बाद हो जाएगा और दुनिया को भी बर्बाद करेगा. लेकिन, भारत संकट से बाहर आया और दुनिया को अपनी ताकत दिखाई. लेकिन, उस दौरान बिहार के लोगों के साथ इंडी गठबंधन और कांग्रेस के गलत करने का काम किया. दिल्ली और महाराष्ट्र की तत्कालीन सरकार ने बिहार के लोगों को अपने राज्य से भगाने का काम किया. बिहार के लोगों को बसों में बिठाया गया और बीच रास्ते में छोड़ दिया गया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जैसे एक शहजादे दिल्ली में हैं. वैसे ही एक शहजादे पटना में भी है. एक शहजादे ने देश को और दूसरे शहजादे ने पूरे बिहार को जागीर समझा है. इन दोनों शहजादे का रिपोर्ट कार्ड एक ही है. कैसे बिहार में अपहरण उद्योग चलता था, बिहार के खजाने को लुटा जाता था. बहन बेटियां घर से निकलने में डरती थीं नौकरी के लिए जमीन लिखवा ली जाती थी. नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार के विकाश के लिए दिन रात काम कर रही है. मोदी ने यह भी तय किया है आपके परिवार में 70 साल के ऊपर के बुजुर्ग होंगे तो उनका इलाज का खर्चा दिल्ली में आपका यह नेता उठाएगा।

● **प्रधानमंत्री बोले-इन्होंने बिहार को जागीर समझा है**

### दरभंगा में हर जगह हो रहा है काम: पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि जिनको पक्का घर मिलना बाकी है, नल का जल, आयुष्मान कार्ड नहीं बना ही उन्हे कहना मोदी की गारंटी है. मेरे लिए आप ही मोदी हैं. दरभंगा का एयरपोर्ट हो रेलवे स्टेशन हो आधुनिक सड़क हो हर जगह काम हो रहा है. साथियों को हमने बिहार में महिला स्वयं सहायता समूह को 42 हजार करोड़ रुपया दिया गया. दरभंगा की बहनों ने शिल्क ग्राम की शुरुआत की. मधुबनी पेंटिंग का प्रचार खुद मोदी करता है।

# पीएम मोदी के राहुल गांधी पर तंज से भड़की कांग्रेस, कहा– अपनी गरिमा भूलकर ओछी बातें कर रहे प्रधानमंत्री

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, कांग्रेस पार्टी एक बार फिर अपने नेता राहुल गांधी के बचाव में उतर आई है। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डरो मत, भागो मत' वाले बयान पर पलटवार किया। कहा कि उनके दो प्रेरक नेता भी दो सीटों से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं।दरअसल, राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वह केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे हैं।

**खुद लड़ा था दो सीटों से चुनावः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के आइकन लालकृष्ण आडवाणी और अटल बिहारी वाजपेयी दो सीटों से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं, खुद पीएम मोदी ने साल 2014 के आम चुनाव में दो सीटों से चुनाव लड़ा था। बता दें, पीएम मोदी ने 2014 में वाराणसी और वडोदरा सीट से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। बाद में उन्होंने वडोदरा निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दिया।

**प्रधानमंत्री पर ओछी बातें करने का आरोपः** मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री पर ओछी बातें करने और अपनी गरिमा भूलने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी डरे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'वह अपनी गरिमा छोड़कर तुच्छ बातें करते हैं और हमले करते हैं। उन्हें जवाब देने का कोई मतलब नहीं है। कौन डरा हुआ है? क्या आडवाणी ने दो सीटों से नामांकन दाखिल नहीं किया था? क्या अटल बिहारी वाजपेयी ने ऐसा नहीं किया था? उन्होंने खुद ऐसा किया। कांग्रेस के दिग्गज नेता ने कहा कि पीएम मोदी खुद वाराणसी भाग गए हैं।

### पीएम मोदी ने कसा तंज

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के बर्धमान में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने से डर गए हैं। यही वजह है कि उन्होंने इस बार अमेठी की जगह रायबरेली से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि वायनाड से हार के डर से राहुल गांधी अपने लिए सुरक्षित सीट तलाश रहे हैं। पीएम मोदी ने राहुल गांधी से डरने या भागने की कोशिश नहीं करने के लिए कहा। पीएम मोदी ने राहुल पर तंज कसते हुए कहा था, 'मैंने पहले ही ये भी बता दिया थां।

# ललन सिंह के पक्ष में वोट मांगने मुंगेर पहुंचे सीएम नीतीश कुमार, राजद उम्मीदवार पर साधा जोरदार निशाना, कहा-चुनाव के लिए शादी किया है

**लोक तंत्र की आवाज**



**मुंगेर।** मुंगेर लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में सीएम नीतीश मुंगेर के हवेली खड़गपुर वोट मांगने पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनके खास मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद थे। वहीं हवेली खड़गपुर के खंड बिहारी में आयोजित चुनावी जन सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए समर्थित जेडीयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को जिताने का लोगों से अपील किया। वहीं उन्होंने राजद उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कहा है कि, जेल में रहने वाला चुनाव के लिए शादी किया है।

वहीं कार्यक्रम में मौजूद जनता को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा जिन लोगों को 15 साल मौका मिला वे बिहार में क्या काम किए। आप सबको मालूम है, शाम होते कोई घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। इनके शासन काल में लोग डरे रहते थे। 2005 के पहले क्या हाल था। सिर्फ प्रचार करते रहते थे कोई काम था। हम ही बनवाए थे गड़बड़ करने लगे तो हम ही छोड़ दिए।

सीएम नीतीश ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि, 9 गो बाल बच्चा पैदा किया बीबी को मुख्यमंत्री बनाया, बाल बच्चा को बनवाए, परिवार वाद को बढ़ावा दिया। कांग्रेस भी परिवारवाद के राह पर चल रहा है। कांग्रेस के राज में सबसे ज्यादा हिंदू मुस्लिम होता था। हमें जब मौका मिला तो बिहार के हित में सिर्फ काम किया। जो सबके सामने है हमने 2005 में सबसे पहले कानून का राज्य कायम किया। सभी जगहों पर हिंदू मुस्लिम मामले को समाप्त कर मुस्लिम समुदाय के लिए सभी जगहों पर कब्रिस्तान का घेरा बंदी किया। मदरसे के लिए भी काम किया। उनके हित में कई काम भी हमने किया।

सीएम ने कहा कि, वे लोग तो सिर्फ नाम पर वोट का इस्तेमाल किया। नीतीश कुमार ने मुंगेर से राजद उम्मीदवार और अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी पर निशाना साधते हुए कहा कि, चुनाव के लिए कोई शादी कर लिया,सब जेल में रहा है ये सब कोई चुनाव लड़ेगा। कोई मतलब है। आज बिहार में चारों तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है। चाहे वह पुल पुलिया और सड़क मार्ग का मामला हो सभी जगहों पर लगातार कार्य चल रहा है और कई जगहों कार्य पूर्ण भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि आपके मुंगेर में अनुसूचित जाति जनजाति आवासीय विद्यालय का निर्माण किया गया। हर प्रकार का कार्य किया जा रहा है ।भाजपा से हमारा संबंध पुराना है। बीच में इधर उधर चले गए थे ।पर अब हम कहीं नहीं जायेगें, यही रहेगें।

# तेजस्वी को पढ़ाना चाहिए इतिहास, एनडीए नेताओं का नेता प्रतिपक्ष पर जोरदार हमला

**लोक तंत्र की आवाज**

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। पक्ष विपक्ष एक दूसरे पर जोरदार हमला बोल रहे हैं। इस बार का लोकसभा चुनाव एनडीए बनाम इंडी गठबंधन के बीच है। एनडीए का दावा है कि कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष हिन्दुओं के रिजर्वेशन को खत्म कर मुस्लमानों को देना चाहते हैं। वहीं इंडी अलाइंस का दावा है कि बीजेपी सरकार देश की संविधान को खत्म करना चाहती है और आरक्षण को भी समाप्त करना चाहती है। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पूछा है कि जब राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और देश के सभी मुख्यमंत्री हिंदू हैं तो फिर हिंदू खतरे में कैसे हैं। तेजस्वी यादव के इस सवाल ने देश में नया बखेरा शुरू कर दिया है। अब एनडीए के नेता उन्हें एक बाद एक करारा जवाब दे रहे हैं। एक के बाद एक नेता तेजस्वी यादव पर पलटवार कर रहे हैं।

**तेजस्वी पढ़े इतिहासः** इसी कड़ी में बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि, तेजस्वी को इस देश के इतिहास को पढ़ना चाहिए। मेरी सलाह होगी उनको। तेजस्वी को इस देश की संस्कृति की समझ भी बढ़ानी चाहिए और यह जो पुरातन देश है इस देश में संस्कृति और परंपराएं रही है तेजस्वी जी उसको पढ़ लेंगे समझ लेंगे तो तब उनके मानस में स्पष्ट हो जाएगा। देश के लोग कैसा रखना चाहते हैं देश को और देश कैसे आगे बढ़ेगा।

**ममता बनर्जी दें उनके नेताओं की जवाबः** वहीं ममता बनर्जी के द्वारा राज्यपाल पर लगे आरोपों के बाद बीजेपी से सफाई मांगने पर मंगल पांडे ने कहा कि ममता जी उन आरोपों का जवाब क्यों नहीं देती है जिसमें उनके मंत्रियों के घरों से रुपए पकड़े गए। उनका जवाब क्यों नहीं देती है जो अपराधी जेल में गए और टीएमसी के नेता है उसका जवाब क्यों नहीं देती है जो टीएमसी के नेता अपराधी हैं जिन लोगों ने वहां के मां बहनों के साथ सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का काम किया उसके बारे में ममता बनर्जी क्यों जवाब नहीं देती हैयू ममता दीदी यह क्यों नहीं कहती है कि जो शेख शाहजहां जिसे पूरा संदेश खाली में उत्पाद मचाया उसके समर्थन में वह न्यायालय में उसकी सरकार क्यों लड़ने के लिए गई थी। बंगाल की जनता इन बातों का जवाब चाहती है और ममता दीदी इन विषयों को इधर–उधर करना चाहती है।

**तेजस्वी के पास नहीं है मुद्दा :** वहीं मंत्री लेसी सिंह ने भी तेजस्वी यादव पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उनके पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। कोई मुद्दा नहीं है। बिना मुद्दा के तेजस्वी यादव बात करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके माता–पिता के कार्यकाल में क्या हुआ इसका जवाब उनका देना चाहिए। उनके पास बोलने के लिए कुछ नहीं है

### बिना मुद्दे की नेता प्रतिपक्ष करते हैं बात




### रोजगार और युवाओं की चिंता करती है एनडीए सरकार

इस बार जनता बहुत साफ है। ममता दीदी को पूरा जवाब देना पड़ेगा। मंगल पांडे ने कहा कि युवाओं के रोजगार और युवाओं के लिए चिंता एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री कर रहे हैं। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में यह निर्णय हो रहा है। तेजस्वी यादव को अपनी चिंता करनी चाहिए जो उनके घर में अपने घर की वह चिंता करें। बिहार के नौजवानों को पूरी तरीके से मालूम है कि नौकरी देना हो या रोजगार देना हो वह नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी है, वहीं देगी और इस बार फिर प्रधानमंत्री जी ने घोषणा किया है मुद्रा लोन में 10 लाख का जो लोन था अब बिना गारंटी के वह लोन 20 लाख कर दिया जाएगा। युवाओं के रोजगार के लिए कई अवसर मिलेंगे और लगातार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के द्वारा युवाओं के नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए गए। यह पीछे से आकर खड़े हो गए और दावा करते हैं कि मैंने दिया है।

# मेरा दर्द कुछ भी नहीं', तेजस्वी यादव ने राजद की पोस्ट पर किया रिप्लाई

**लोक तंत्र की आवाज**



**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज है। वहीं दो चरणों के चुनाव के बाद भी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इस बीच राजद नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शुक्रवार को दर्द की वजह से परेशान दिखे। एक वीडियो में कार्यकर्ता उन्हें मंच से नीचे उतारते हुए दिखे। आरजेडी के एक्स अकाउंट से इसका वीडियो शेयर किया गया है।

शनिवार को उन्होंने बताया कि उनकी कमर में दर्द है जो बढ़ गया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि मेरा यह दर्द बिहार के उन करोड़ों बेरोजगार युवाओं की तकलीफ के आगे कुछ भी नहीं है, जिनके सपनों को विगत 10 वर्षों में धर्म की आड़ में कुचला गया है।

**'मैं अपने दर्द को भूल जाता हूं':** तेजस्वी यादव ने एक्स पर एक पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने अपनी सेहत को लेकर जानकारी दी है। एक्स पर उन्होंने लिखा है कि 'महीनों से अलट–पलट वाली अथक सामाजिक राजनीतिक यात्रा रही है। आराम के अभाव एवं निरंतर यात्रा के कारण दो हफ्ते से कमर में हल्का दर्द था, दो दिन से अचानक बढ़ गया। लेकिन मेरा ये दर्द बिहार के उन करोड़ों बेरोजगार युवाओं की तकलीफ़ के आगे कुछ भी नहीं है जो नौकरी–रोजगार की आस में बैठे हैं जिनके सपनों को विगत 10 वर्षों में धर्म की आड़ में कुचला गया है। मैं अपने दर्द को भूल जाता हूँ जब देखता हूँ कैसे गरीब माताओं–बहनों को महंगाई के कारण रसोई चलाने में भारी पीड़ा का अनुभव होता है। किसान भाइयों को सिंचाई के साधन व फसल का उचित दाम नहीं मिलने तथा संसाधनों के अभाव एवं रोजी–रोटी के लिए लाखों साथियों के पलायन का कष्ट देखता हूँ तो मुझे।

**रुकना मेरे खून में नहीं':** आगे उन्होंने लिखा है कि 'छात्र को पीड़ा है क्यूँकि उन्हें अच्छी पढ़ाई नहीं मिल पा रही। बिहार के मेरे बुज़ुर्गों की पीड़ा है कि उन्हें अच्छी दवाई नहीं मिल पा रही, थाना और ब्लॉक के भ्रष्टाचार से आमजन परेशान है। हर वर्ग को पीड़ा है क्यूंकि उनके अधिकार, उनका न्याय उन्हें नहीं मिल पा रहा है। मैं इन सबों की तकलीफ़ में अपने आप को सांझीदार मानता हूं। बिहार में ठऊअ सरकार से जनता त्रस्त है। ऐसे में यदि मैंने अपनी पीड़ा की चिंता की और ये कदम रुक गए तो फिर लोगों की उम्मीदें भी बुझ जाएगीं तथा महंगाई, तानाशाही, अत्याचार और अन्याय की आग में बिहार झुलसता रहेगा। इसलिए मैंने तय किया है कि भले ही बाधा कितनी हो, भले ही दर्द कितना हो, रुकना नहीं है, झुकना नहीं है और थकना नहीं है। लक्ष्य की प्राप्ति तक चलते जाना है, बढ़ते जाना है, जीतते जाना है जीताते जाना है।

# ईरान ने इजरायल से जुड़े जहाज के चालक चल को छोड़ा, सभी 16 भारतीय हुए आजाद

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** ईरान ने कहा है कि उसने पुर्तगाली ध्वज वाले मालवाहक जहाज एमएससी एरीज के चालक दल के सदस्यों को रिहा कर दिया है. इस जहाज के 25 सदस्यों में से 17 भारतीय थे. ईरान के एक बयान के अनुसार उसके विदेश मंत्री अमीर अब्दुलैयान ने शुक्रवार को अपने एस्टोनियाई समकक्ष मार्गस साहकना के साथ फोन पर बातचीत के दौरान जहाज के चालक दल की रिहाई का उल्लेख किया। इजरायल से जुड़े मालवाहक जहाज के भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में से एकमात्र महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को 13 अप्रैल को ईरान की सेना द्वारा टैंकर को जब्त करने के कुछ दिनों बाद रिहा कर दिया गया था।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा, 'इस्लामी गणराज्य ईरान के जल क्षेत्र में जब्त किए गए पुर्तगाली जहाज और एस्टोनियाई चालक दल की रिहाई के संबंध में एस्टोनियाई पक्ष के अनुरोध के जवाब में, अमीर अब्दुल्लैयान ने कहा कि जहाज, जो ईरान के क्षेत्रीय जल में उसके रडार से ओझल हो गया उसे न्यायिक नियमों के तहत अपने कब्जे में लिया गया है।

बता दें कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कोर (IRGC) के विशेष नौसेना बलों ने 13 अप्रैल को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास एमसीएस एरीज नाम के जहाज को कथित तौर पर इजराइल के साथ उसके तार जुड़े होने के मद्देनजर जब्त कर लिया था.

सरकार से जुड़े सूत्रों ने मीडियाको बताया था कि इजरायल से जुड़े मालवाहक जहाज पर चालक दल के सदस्यों में 17 भारतीय नागरिक शामिल थे, जिन्हें ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने जब्त कर लिया था. एमएससी के एरीज 15 अप्रैल की रात को भारत पहुंचने की उम्मीद थी।

# मोदी मौज नहीं मिशन के लिए आया है, गरीबों के आशीर्वाद मेरी पूंजी

**पलामू में पीएम**

**लोक तंत्र की आवाज**



**पलामू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलामू में चियांकी एयरपोर्ट मैदान में बड़ी जनसभा को संबोधित भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की. अपने संबोधन में उन्होंने इंडिया अलायंस को अपने निशाने पर लिया. प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को देखकर कहा कि आपने कांग्रेस और जेएमएम को दिन में ही तारे दिखा दिये. उन्होंने कहा कि ये शहीद नीलांबर और पीतांबर की धरती है और यहां आने वाली माताओं बहनों का प्यार और आशीर्वाद नहीं भूल सकता हूं. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस सरकार को कमजोर बताते हुए देश में फिर एक बार मजबूत सरकार बनाने की अपील की।

पीएम मोदी ने कहा, आपके आशीर्वाद से सीएम और पीएम के रूप में देशवासियों की सेवा करते हुए मुझे अब 25 साल हो जाएंगे. इन 25 वर्षों में आपके आशीर्वाद से मोदी पर एक पैसे के घोटाले का भी आरोप नहीं लगा है. मैं आज भी पद, प्रतिष्ठा, सुख–समृद्धि से दूर आज भी वैसा ही हूं, जैसा आपने मुझे यहां भेजा था. मोदी मौज नहीं, मिशन के लिए पैदा हुआ है. पीएम मोदी ने इंडी अलायंस पर हमला करते हुए कहा, खटट–कांग्रेस के नेताओ ने भ्रष्टाचार से अपार धन संपदा खड़ी की है. संपत्ति हो, राजनीति हो, सब कुछ ये अपने–अपने बच्चों के लिए अर्जित कर रहे हैं. ये उनके लिए विरासत में ढेर सारी काली कमाई छोड़ कर जाएंगे।

**मेरे आंसुओं पर हसते हैं कांग्रेस नेता–पीएम मोदीः** पीएम मोदी ने कहा, मैं तो गरीबी का जीवन जीकर आया हूं इसलिए, 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणा, मेरे जीवन के अनुभव ही हैं. जब आज लाभार्थियों से मिलता हूं, तो खुशी के मारे आंसू आ ही जाते हैं. ये आंसू वही समझ सकता है, जिसने गरीबी देखी हो, जिसने कष्ट में जीवन गुजारा हो. कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं. कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं. ये निराश–हताश लोग अब कुंठित हो गए हैं. एक कहावत है झ्र जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई! कांग्रेस के शहजादे की हालत वही है। पीएम मोदी ने कहा, आपके इस एक वोट की ताकत से आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है. 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लग गई थी.

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिरदला-मूर्तियां गांव में निवारी की पुंज में लगी आग, हुआ नुकसान



**प्रदीप प्रसाद**

सिरदला। प्रखंड क्षेत्र के मूर्तियां गांव में नेवारी की एक पुंज में आग लग गई। जिसे गांव में हो हल्ला के साथ अपरा तफरी मच गया।शोर शराबा सुनकर मौके पर दर्जनों ग्रामीण जुट गए।ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया। नेवारी का पुंज मूर्तियां गांव के रामेश्वर प्रसाद का बताया गया है। जिसमें आठ हजार नेवारी रखा गया था। आग लगने की सूचना पर पहुंचे सिरदला के अग्नि समन वांहन के द्वारा बचे हुए नेवारी में लगी आग को अच्छी तरह से गया। मौके पर अग्निक रौशन कुमार एवं उनके सहयोगी तथा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिरदला-पुलिस ने 52 लीटर महुआ शराब के साथ एक बाइक को किया जप्त



**प्रदीप प्रसाद**

सिरदला। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शेलगढ़ पहाड़, जंगल के रास्ते से 52 लीटर महुआ शराब के साथ एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को बरामद किया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चालक दूर से ही पुलिस गाड़ी को देखकर मोटरसाइकिल एवं शराब छोड़कर जंगल झाड़ी पहाड़ी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसे थाना परिसर लाया गया है। एवं प्राथमिकी दर्ज करने की कवायत की जा रही है।

### नवादा : 24 घंटे के अंदर 27 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी: एसपी

**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

नवादा: कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 03 मई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, डकैती में 03, आर्म्स एक्ट में 02, पुलिस पर हमला में 02, हत्या के प्रयास में 05, मद्य निषेध में 04 एवं अन्य गिरफ्तारी 11 कुल 27 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 402 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 03 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 01 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 627 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 76 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 06, टैज्क्टर-01, मोबाईल 02 एवं अपहृता 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है। इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

# नवादा में दहेज की बलि चढ़ी फिर एक विवाहिता, पति ने पत्नी की हत्या कर शव को किया लापता

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**

नवादा : नवादा में दहेज क़ो लेकर एक विवाहिता की हत्या कर दिया गया ,एवं उसका शव क़ो छिपा दिया गया। यह आरोप विवाहिता क़े मायके वालों ने पति और ससुरालवालों पर लगाया है।

यह पूरा मामला जिले क़े पकरीबरावां थाना क्षेत्र के धरनीविघा गांव से जुड़ा है, जहां एक बार फिर से एक नवविवाहिता को दहेज की बलि पर चढ़ना पड़ा है। बताया जा रहा है कि एक नवविवाहिता को उसके ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए हत्या कर शव को गायब कर दिया है। इधर मामले को लेकर मृतका सुगा देवी के पिता जमुई जिला के चंद्रदीप थाना के हुड़रहिया गांव निवासी गुमनदेव यादव ने पकरीबरावां थाना में लिखित शिकायत किया हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू रीति रिवाज से अपनी बेटी की शादी धरनीबीघा के सुनील यादव के पुत्र विक्की यादव के साथ 2021 में किया था । जिसमे अपनी यथार्थ शक्ति के अनुसार उसने दहेज देकर अपनी पुत्री का विवाह किया था। सब कुछ ठीकठाक चल रहा था , अचानक उनका दामाद विक्की यादव और ससुर सुनील यादव, भैसुर नीतीश यादव एवं देवर केवी यादव सहित सांस दो लाख रूपए एवं एक मोटरसाइकिल की

**दहेज की राशि नही देने पर अक्सर मारपीट और प्रताड़ित करते थे**



मांग करने लगे। दहेज की राशि नही देने पर अक्सर मारपीट और प्रताड़ित करते थे ।जिसकी जानकारी मोबाइल पर उनकी पुत्री ने उन्हें दी थी. फिर आज मुझे किसी ग्रामीण ने सूचना दिया कि आपकी बेटी को ससुराल के लोगों ने जान मार दिया है। जब सूचना पर गांव पहुंचे, तो पाया कि घर में ताला लटका है. ससुराल के लोग शव को भी अपने साथ ले गए हैं। इधर मामले को लेकर पीड़ित परिवार के लोगों ने एसडीपीओ महेश चौधरी के कार्यालय में भी पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। वही थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई है। जल्द ही कांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी। घटना क़े बाद मृतका क़े मायके वालों में कोहराम मचा है।

## अपराध नियंत्रण में सहायक सिद्ध होगी डायल 112 की बाइक : एसपी



लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**

नवादा : नवादा शहर में अपराध पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बिहार पुलिस के द्वारा पुलिस मुख्यालय पटना के सौजन्य से डायल 112 नंबर की आठ मोटरसाइकिल नवादा जिला को उपलब्ध कराया गया है । नवादा शहर की तंग गलियों में गस्ती एवं शहरी क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई, बैंक चेकिंग जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए 112 नंबर की आठ मोटरसाइकिल शनिवार की शाम से काम करना शुरू कर दिया है । नवादा नगर थाना में पुलिस अधीक्षक कार्तिक एस शर्मा ने झंडी दिखाकर सभी बाइक को रवाना किया । उन्होंने बताया कि नवादा शहरी क्षेत्र को 4 ज़ोन में बांटा गया है। सभी जोनों में दो-दो मोटरसाइकिल को उपलब्ध कराया गया है । इससे नवादा शहरी क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस की उपस्थिति और बेहतर ढंग से बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में चार पहिया वाहन नहीं पहुंच पाएगा, वहां यह बाइक पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करेंगे और पीड़ित लोगों को सेवा उपलब्ध कराने का भी काम करेंगे । उन्होंने नवादा शहर के लोगों से अपील किया है कि किसी भी तरह की अपराध , दुर्घटना जैसे कोई भी घटनाओं के लिए डायल 112 से संपर्क कर पुलिस की मदद ले सकते हैं । गौरतलब है कि इससे पूर्व नवादा शहर में डायल 112 की 8 फोर व्हीलर गाड़ियां शहर में लगातार गस्त करती रहती है। तंग गलियों तक पहुंचने में फोर व्हीलर को परेशानी होती है, ऐसे क्षेत्रों में टू व्हीलर आसानी से पहुंच पाएगा । हूटर , जीपीएस सिस्टम के साथ-साथ कई सहायक उपकरण भी बाइक में उपलब्ध कराए गए हैं । ऑक्सीजन सिलेंडर, रस्सी, फर्स्ट एड बॉक्स भी बाइक में उपलब्ध रहेगी । बाइक पर एक सब इंस्पेक्टर के साथ-साथ एक कांस्टेबल 8 घंटे का ड्यूटी इस बाइक पर करेंगे । एसपी ने कहा कि जल्द ही और भी वाहन उपलब्ध होने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे बाइक लोगों की मदद के लिए दिखेंगे। विदेशी तर्ज पर नवादा पुलिस भी हूटर बजाते हुए तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचने का काम करेगी। नगर थाना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इंस्पैक्टर अविनाश कुमार के साथ-साथ अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे ।

# कमलिया मिल के पास खड़ी ट्रक में लगी आग,धू-धुकर हुआ स्वाहा

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के कमलिया मिल के पास खड़ी एक ट्रक में आग लगने के बाद अफरा-तफरी माहौल हो गया है ।स्थानीय लोगों के द्वारा अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी गई है ।जहां काफी मशक्कत क़े बाद आग पर काबू पाया गया है ।यह घटना शनिवार क़ो नप के कमलिया मिल के पास की है ।मिली जानकारी के अनुसार, एक ट्रक वहां पर काफी दिनों से खड़ा था और अचानक ट्रक में आग लग गई ।लोगों को कुछ समझ में आता, इससे पहले आग ने भयंकर रुप धारण कर लिया और पुरे ट्रक धू - धुकर जलने लगा ।स्थानीय लोगों के द्वारा तुरंत इसकी जानकारी कमलिया मिल के संचालक मनीष कमलिया को





दी ।जिसके बाद अग्निशमन विभाग नवादा को सूचना दी गई ।सबसे बड़ी बात तो यह रहा कि कमलिया मिल के 500 मीटर दूरी पर एक बड़ा सा एक इंडेन गैस गोदाम है ।अगर आग की चिंगारी गैस गोदाम तक पहुंचती तो एक बड़ा घटना हो सकता था, लेकिन समय रहते ही अग्निशमन विभाग के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया ।ट्रक में आग कैसे लगी है, इसके बारे में अब तक किसी प्रकार का कोई जानकारी और पता नहीं चल पाया है। आसपास के लोगों का कहना है कि बगल के खेतों में पराली जलाई गई थी उसी की चिंगारी आग के लपटों का कारण बनी है ।आग का विकराल रूप देख कर स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया था ।लेकिन समय रहते ही आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है ।आग कैसे लगी है पुलिस इसकी जांच शुरू कर दी है।

## भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के नामांकन मे गया गये शिक्षाविद

लोक तंत्र की आवाज़



गया। उड़ीसा के जननायक और गरिबो के मसिहा भारत सरकार लोकप्रिय नेता धमेंद्र प्रधान के नामांकन आज गुरुवार को हुआ, जिसमें गया जी भगवान विष्णु नगरी भगवान विष्णु चरण एवं मा मंगला का आशिर्वाद लेकर उडीसा गये शांति निकेतन एकेडमी के चेयरमैन निदेशक सह समाजसेवी सह भाजपा नेता हरिप्रपन्न उर्फ पप्पू एवं श्रवण शाणिडल्य ने जाकर दिए और नामांकन भारी संख्या में लोगों को हुजुम देखकर लोगों के चेहरों पर खुशी जाहिर की है, भगवान जगन्नाथ की कृपा से धमेंद्र प्रधान भारी मतो से विजय हासिल करेगे यह कहना हरी प्रपन्ना एवं श्रवण शाणिडल्य ने कहा।वही हरी प्रपन्ना उर्फ पप्पू जीहरिप्रपन्न उर्फ पप्पू जी संभलपुर लोकसभा क्षेत्र के बिहार और उतरप्रदेश के मतदाताओं के जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा प्रत्याशी श्री धर्मेंद्र प्रधान जी के लिए वोट मांगा तथा उनको भारी मतों के अंतर से जीताने का आह्वान किया है।

## नवादा के विशनपुर गांव से एक देशी थर्नट एवं चार जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**

नवादा : नवादा में एक युवक देशी थर्नट क़े बल पर आतंक मचा रहा था ,जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस क़ो गांव वालों ने दिया। पुलिस ने आरोपी क़ो आनन - फानन में देशी थर्नट क़े साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बता दें कि पकरीबरावां थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव से एक युवक को एक देशी थर्नट एवं चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया हैं। उपरोक्त तथ्य की जानकारी प्रदान करते हुए थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की पोकसी पंचायत के विशनपुर गांव में एक युवक शराब के नशे मे चूर



होकर हाथ में हथियार ले तांडव मचा रहा है। सूचना मिलते ही एक टीम का गठन किया गया जिसमे पुलिस सहायक अवर निरीक्षक राज कुमार एवं एसआई आरपी राय सहित डायल 112 की टीम गांव पहुंची। जहां युवक अपने बगीचे मे शराब के नशे मे चूर हो हथियार लहरा रहे थे, जिसे तत्काल गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान विशनपुर के रामवृक्ष यादव के 24 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार युवक पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि युवक कुछ दिन पूर्व ही शराब के मामले में जेल से छूटकर आया था।

## जाम से मुक्त कराने क़ो लेकर पुलिस की पहल, जप्त किया दर्जनों ई -रिक्शा, बिना निबंधन वाले ई-रिक्शा पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**

नवादा : नवादा एसपी ने शहर की जाम क़े समस्या क़ो लेकर कड़ा रुख अपनाया है। एसपी कार्तिकेय क़े शर्मा ने जाम की समस्या से निजात क़ो लेकर पहल किया .इस दरम्यान उन्होंने कहा है कि नवादा में जाम की समस्या क़े कारण यातायात काफी समय तक बाधित रहता है। इसीलिए शहर क़ो जाम से मुक्त कराने क़े लिए निर्णय लिया गया है। इसके तहत नवादा शहर क़े अंदर बगैर निबंधन वाले ई -रिक्शे का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा तथा सभी ई -रिक्शा निर्धारित ठहराव स्थल पर हीं रुकेगा। इस संबंध में ई रिक्शा चालकों एवं उनके मालिकों क़ो निर्देश दिया गया है कि वे बगैर निबंधन वाले ई -रिक्शा क़ो लेकर शहर में प्रवेश नहीं करें तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें । आज नवादा यातायात थाना की ओर से अनवरत अभियान चालाकर बगैर निबंधन वाले दर्जनों ई -रिक्शा क़ो जप्त कर थाना लाया गया और कानूनी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने बताया कि इस दरम्यान शहर में बिना निबंधन क़े चल रहे कुल 34 ई रिक्शा क़ो जप्त कर थाना लायी गयी है। जिसपर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नवादा पुलिस की इस कार्रवाई पर ई -रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा हुआ है ,वहीं नवादा एसपी ने कहा है कि हरहाल में बिना



निबंधन क़े ई -रिक्शा का परिचालन नवादा में नहीं होगा। बता दें कि सैकड़ों ई -रिक्शा नवादा में संचालित है ,जो बिना निबंधन क़े नाबालिग़ द्वारा चलाया जा रहा है। जिससे लगातार दुर्घटना की खबर आ रही है।

## कौआकोल : पीड़ित परिवार से मिल सांसद प्रत्याशी ने जताई संवेदना

लोक तंत्र की आवाज़

**रौशन कुमार सोनू**

कौआकोल( नवादा ): 18 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव कराने गए कौआकोल थाना क्षेत्र के कटनी गांव निवासी नीलेश कुमार नीलू की पैर फिसलकर गिर जाने से हुई आकस्मिक निधन के बाद शनिवार को लोकप्रिय मगही कलाकार व नवादा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी गुंजन सिंह ने मृतक जवान के कटनी स्थित घर पहुंचकर उनके परिवार से मिल सांत्वना व्यक्त किया एवं पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के वीर जवान नीलेश कुमार नीलू का आकस्मिक निधन वास्तव में



प्रखण्डवासियों के लिए पीड़ादायक है। उन्होंने घटना पर काफी दुःख जताया एवं मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर प्रेम कुमार,तुषार कुमार,दिलीप चंद्रवंशी,शिक्षक प्रभात कुमार आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूट्यूबर एल्विश यादव पर फिर कसा शिकंजा, ईडी ने इस मामले में दर्ज किया केस



सुगंधा
लखनऊ। अखिलेश यादव बिग बॉस ओटीटी 2 विनर और यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। ईडी ने यूट्यूबर और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि ईडी लखनऊमें यूट्यूबर से पूछताछ कर सकती है।: बिग बॉस ओटीटी 2 विनर और 26 वर्षीय यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। ईडी ने यूट्यूबर और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सांपों के जहर सप्लाई से ही जुड़ा हुआ है। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले महीने उत्तर प्रदेश में गौतम बौद्ध नगर (नोएडा) जिला पुलिस द्वारा एल्विश और अन्य लोगों के खिलाफ दायरएक एफआईआर और आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद प्रिवेंशन मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (ढटछअ) के तहत मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



घनश्याम तिवारी
सुखपुरा/बलिया–पुलिस अधीक्षक बलिया देव रंजन वर्मा के आदेश के अनुपालन में जनपद में अपराध पर संपूर्ण प्रतिबंध लगाये जाने एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, क्षेत्राधिकारी बांसडीह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना मनियर पुलिस को मिली सफलता।शनिवार को सर्विलांस सेल प्रभारी विश्वनाथ यादव मय फोर्स व रडॅ टीम प्रभारी अजय यादव मय टीम थानाध्यक्ष मनियर सन्तोष सिंह मय हमराह उ0नि0 राहुल राय, का0 जगदीश कुमार पटेल, म0का0 सलमा सिंह व म0का0 शैलजा सिंह द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण अखिलेश यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी बिजलीपुर थाना मनियर जनपद बलिया उम्र 28 वर्ष, प्रियांशु यादव पुत्र तहसीलदार यादव निवासी नेमा का टोला( सिवान कला ) थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया उम्र 20 वर्ष को निपनिया दीयर के पास से समय करीब 08.10 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से 04 बोरे में 20 पेटी बंटी बबली देशी शराब, 01 अदद मोटर साईकिल व 02 अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ । थाना मनियर द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया ।

### टहलते समय 58वर्षीय वृद्धा की पिकअप के धक्का से मौत

घनश्याम तिवारी
बलिया। सिकन्दरपुर बेल्थरा रोड मार्ग पर स्थित रुद्रवार चट्टी के समीप शनिवार को सड़क पर टहलते समय 58वर्षीय वृद्धा की पिकअप के धक्का से मौत हो गयी सूचना पर पहुंची सिकंदरपुर पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रुद्रवार गांव निवासी रमाशंकर पटेल कि पत्नी 58 वर्षीय मुनरी देवी रोजाना की भांति शनिवार को भी सुबह टहलने के लिए घर से निकली थी टहलने के बाद वह वापस घर जा रही थी इसी दौरान मुनरी देवी जैसे ही गांव की चट्टी के समीप पहुंची कि बेल्थरा रोड की तरफ से आ रही पिकअप ने उसे धक्का मार दिया जिस से सड़क पर गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गई दुर्घटना के बाद मौके पर इकट्ठा गांव वालों ने घायल मुनरी देवी के को इलाज हेतु तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर दुर्घटना के बाद चालक पिकअप लेकर भागने लगा उसी दौरान असंतुलित होकर सड़क किनारे गड्ढे मे चला गया जिसे मौजूद लोगों ने चालक सहित पिकप पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया पुलिस ने शव को लेकर कब्जे में पीएम को भेज दिया

# बिटिया बनी आईएएस बिटिया के साथ पिता को भी मिल रहा सम्मान

लोकतंत्र की आवाज़

जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन ने नौशीन से कहा कि जिस भी स्थान पर रहे कार्यालय में आने वाले हर फरियादियों से प्रेम पूर्वक वार्ता करें



घनश्याम तिवारी
गोरखपुर। माता–पिता के सर को उंचा करने वाली बिटिया आईएएस अधिकारी नौशीन को जेडीए उपाध्यक्ष व जीडीए सचिव के नेतृत्व में जीडीए कर्मचारियों द्वारा मोमेंटम, अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ देकर बिटिया के साथ पिता को सम्मानित किया गया। गोरखपुर मंडल के कुशीनगर पिपरा कनक थाना पटहेरवा की निवासी अब स्थाई तौर पर फतेहपुर मेडिकल कॉलेज पर अपना आशियाना बनाकर आकाशवाणी कर्मचारी की बिटिया नौशीन आईएएस बन गईं, बिटिया के साथ पिता का भी सम्मान किया जा रहा हैं। शनिवार को जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन की देखरेख में नौशीन के साथ पिता अब्दुल कयूम का भी सम्मान किया गया। जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन व जीडीए सचिव उदय प्रताप सिंह के साथ जीडीए कर्मचारिया ने सिविल सर्विस परीक्षा में चौथे प्रयास में ही नौवा रैंक हासिल कर गोरखपुर ही नहीं प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य नौशीन ने किया, हर एक माता–पिता का सपना होता है कि हमारे बच्चे देश का नाम रौशन करें वह काम नौशीन ने किया। अब नौशीन के साथ–साथ माता–पिता का भी जगह–जगह सम्मान किया जा रहा है। जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन ने नौशीन से कहा कि जिस भी स्थान पर रहे कार्यालय में आने वाले हर फरियादियों से प्रेम पूर्वक वार्ता करें जिससे आया हुआ फरियादी खुश होकर जाए, सबसे कम उम्र में सिविल सर्विस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली नौशीन गोरखपुर के साथ–साथ प्रदेश और देश का नाम रौशन करने का काम करेगी। वही नौशीन ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि हमारे ऑफिस में आने वाले हर फरियादियों की समस्याओं का निराकरण कुशलता पूर्वक करूंगी, जिससे हर फरियादी खुश होकर जाए। पिता अब्दुल कयूम ने कहा कि हमने जो सपना देखा था आज वह पूरा हो गया है हमारी बिटिया जब से पढ़ाई शुरू की स्नातक तक अच्छे अंकों से पास होती थी और मुझे उम्मीद था कि एक न एक दिन जरूर मेरी बेटी हमारा नाम रौशन करेगी, क्यों की बिटिया के अंदर जो पढ़ने की ललक थी वह अपना मुकाम जरुर पूरा करेगी। जिसका नतीजा रहा की आज हमारी बेटी सिविल सर्विस परीक्षा में चौथे प्रयास में नौवा स्थान हासिल कर लिया वह अपने माता पिता का जो मान सम्मान बढ़ाया है उसी का नतीजा है कि बिटिया के साथ–साथ आज पिता भी सम्मानित हो रहे है।बता दें कि यूपीएससी परीक्षा में गोरखपुर की नौशीन ने ऑल इंडिया रैंक में 9वां स्थान हासिल कर अपने मां–बाप के साथ शहर की भी मान बढ़ाया है।नौशीन के पिता अब्दुल कयूम के तीन बच्चे हैं . अब्दुल कयूम आकाशवाणी में कार्यरत हैं. बड़ा बेटा यूनियन बैंक में कार्यरत है, वहीं दूसरे नंबर पर बेटी है, जो एलआईसी में कार्य करती है. नौशीन घर की सबसे छोटी बेटी है नौशीन के पिता मूल रूप से कुशीनगर के पिपरा कनक के रहने वाले हैं। वह गोरखपुर जिले में 2002 से फतेहपुर निकट मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में अपना स्थाई मकान बनवाकर रहते हैं, यही रहकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई हुई और यह मुकाम उन्हें मिला है।

## कोविशील्ड वैक्सीन से दुष्प्रभाव की बात सिर्फ दुष्प्रचार, लखनऊ के न्यूरोलाजी विभाग ने वैक्सीन के दुष्प्रभाव से किया इनकार




लोक तंत्र की आवाज

रत्ना लखनऊ। केजीएमयू के न्यूरोलाजी विभाग ने देशभर में कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर प्रकाशित शोध–पत्रों का अध्ययन किया। इसी के आधार पर शोध पत्र तैयार किया। यह शोध कार्य न्यूरोलाजी विभाग के अध्यक्ष डॉ आरके गर्ग के निर्देशन में किया गया। डॉ गर्ग के मुताबिक जून 2022 तक कोरोना वैक्सीन की 1973408500 डोज लगाई गई थी। जिनमें अधिकांश लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन ही लगाई गई थी।कोरोना संक्रमण से बचाव की वैक्सीन कोविशील्ड के दुष्प्रभाव की सूचना को लेकर लोग चिंतित हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे सिर्फ दुष्प्रचार माना है। चिकित्सकों का कहना है कि ब्लड क्लॉटिंग और हार्ट में ब्लॉकेज समेत न्यूरो से जुड़ी समस्याओं का कारण कोविशील्ड नहीं है। केजीएमयू, लखनऊके न्यूरोलाजी विभाग के शोध ने वैक्सीन के दुष्प्रभाव से इनकार किया है। विभाग के शोध पत्र को न्यूरोलाजी इंडिया में जगह मिली है।केजीएमयू के न्यूरोलाजी विभाग ने देशभर में कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर प्रकाशित शोध–पत्रों का अध्ययन किया। इसी के आधार पर शोध पत्र तैयार किया। यह शोध कार्य न्यूरोलाजी विभाग के अध्यक्ष डॉ आरके गर्ग के निर्देशन में किया गया। डॉ गर्ग के मुताबिक, जून 2022 तक कोरोना वैक्सीन की 1,97,34,08,500 डोज लगाई गई थी। जिनमें अधिकांश लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन ही लगाई गई थी।

## मुख्तार बाबा की 19 करोड़ रुपये की संपत्तियां चह्नित, आज पुलिस करेगी जब्ती की कार्रवाई; दर्ज है गैंगस्टर का मुकदमा



लोक तंत्र की आवाज
अनिल
कानपुर। तीन जून 2022 को नई सड़क पर हुए उपद्रव के मास्टर माइंड मुख्तार बाबा की 19 करोड़ रुपये की और संपत्तियां कमिश्नरेट पुलिस ने चिह्नित की हैं। सभी चारों संपत्तियां उन्नाव में स्थित हैं और गुरुवार को कमिश्नरेट पुलिस इन संपत्तियां को जब्त करेगी। तीन जून 2022 को नई सड़क उपद्रव के बाद हुई एसआइटी जांच में सामने आया था कि मुख्तार बाबा और बाबा बिरयानी का हाथ था।तीन जून 2022 को नई सड़क पर हुए उपद्रव के मास्टर माइंड और फाइनेंसर गैंगस्टर मुख्तार बाबा की 19 करोड़ रुपये की और संपत्तियां कमिश्नरेट पुलिस ने चिह्नित की हैं। सभी चारों संपत्तियां उन्नाव में स्थित हैं और गुरुवार को कमिश्नरेट पुलिस इन संपत्तियां को जब्त करेगी। तीन जून 2022 को नई सड़क उपद्रव के बाद हुई एसआइटी जांच में सामने आया था कि बवाल के लिए जौहर फैंस एसोसिएशन के अध्यक्ष हयात जफर हाशमी को आर्थिक मदद बिल्डर हाजी वसी और बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार बाबा ने दी थी।

## मौलवी बताते थे, हाफिज से मिलती है जन्नत', जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बच्चों से बात कर दर्ज कराए उनके बयान

लोक तंत्र की आवाज



रत्ना लखनऊ। आधुनिक शिक्षा देने के नाम पर दुबग्गा में संचालित अवैध मदरसे से बुधवार को बचाए गए 21 बच्चों को मोहान रोड स्थित राजकीय बालगृह में रखा गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने शुक्रवार को राजकीय बालगृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बात की तो सात साल के एक बच्चे ने कहा कि अंकल जी अब्बा–अम्मी की बहुत याद आ रही है।आधुनिक शिक्षा देने के नाम पर दुबग्गा में संचालित अवैध मदरसे से बुधवार को बचाए गए 21 बच्चों को मोहान रोड स्थित राजकीय बालगृह में रखा गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने शुक्रवार को राजकीय बालगृह का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बात की तो सात साल के एक बच्चे ने कहा कि अंकल जी, अब्बा–अम्मी की बहुत याद आ रही है। उन्हें बुला दीजिए। बच्चों ने बताया कि 15 दिन पहले आए थे। हाफिज से जन्नत मिलती है, ऐसा मौलवी बताते थे।जिला प्रोबेशन अधिकारी ने समझाया और कहा कि आपके माता–पिता जल्दी आने वाले हैं। बच्चों ने बताया कि खाना मिल रहा है और कोई दिक्कत नहीं है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि उप्र बाल कल्याण परिषद के आदेश पर बच्चों को राजकीय बालगृह में सुरक्षित रखा गया है।मुख्य सचिव को भेजा पत्र : आधुनिक शिक्षा के नाम पर बच्चों को दीनी शिक्षा देकर गलत दिशा देने जैसे कई मामले सामने आए हैं। उप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा.शुचिता चतुर्वेदी ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर एक कमेटी बनाने और ऐसे मदरसों पर रोक लगाने का सुझाव दिया है।

# बाइक पर ट्रिपलिंग कर रहा था भाजपा मंडल अध्यक्ष का भाई, पुलिस ने रोका तो हो गया हंगामा– थाने पहुंचकर..

लोक तंत्र की आवाज
अनिल



कानपुर। थाने में मौजूद दारोगा अमित राघव से भी उनकी बहस हुई। मामले की जानकारी पर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाकर वापस भेजा। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि नमक फैक्ट्री चौराहे पर गश्त के दौरान पुलिस ने बाइक सवार तीन युवकों को रोका था। इसके बाद लोग थाने पहुंचे थे जहां उनको समझा दिया गया है।रावतपुर में बाइक पर तीन सवारी रोकने पर पुलिस से बहस हो गई। युवक ने खुद को भाजपा मंडल अध्यक्ष का भाई बताकर थाना प्रभारी से बात कराई। इसी दौरान मौके पर मौजूद दारोगा से किसी बात को लेकर युवकों की झड़प हो गई। इसके बाद भाजपा के करीब दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने दारोगा पर अभद्रता का आरोप लगाकर रावतपुर थाने पर हंगामा किया।थाना प्रभारी ने उन्हें समझाकर शांत कराया। रावतपुर बाजार में दारोगा धर्मेंद्र सिंह और सिपाही सोनू तोमर ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रोका। जिसमें मयंक शुक्ला ने खुद को भाजपा कार्यकर्ता और वार्ड अध्यक्ष आयुष शुक्ला का छोटा भाई बताया, तथा थाना प्रभारी से बात कराने को कहा।

# यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया गया जागरूक

लोकतंत्र की आवाज़




घनश्याम तिवारी
कुशीनगर। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मोहम्मद अजीम ने बताया कि प्रदेश में दुर्घटनाओं एवं दुर्घटना में बढ़ती हुई मृतकों की संख्या में कमी लाना सरकार की सर्वोच्य प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, जनसामान्य को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करके एवं इनके पालन के प्रति संवेदनशील बनाकर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या कमी लाने एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 तथा इस सीजन में चल रहे वैवाहिक / धार्मिक आयोजनों के कारण सड़क पर अधिक आवागमन होने की प्रबल सम्भावना के दृष्टिगत, समस्त स्टेकहोल्डर विभागों के सहयोग से सड़क सुरक्षा पखवाडा ( 22.04.2024 से 04.05.2024 तक ) मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।सड़क सुरक्षा पखवाडा दृष्टिगत चालक/परिचालक लाईसेंस धारक का शनिवार 04.05.2024 को सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय में कैम्प लगाकर अधिक से अधिक चालक परिचालक स्वास्थ एवं नेत्र परीक्षण कराया गया। परीक्षण कार्यक्रम में डा० सुरेश पटारिया मुख्य चिकित्साधिकारी, मो०अजीम सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, डा० आरद्धी० कुशवाहा–अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, विनोद कुमार सिंह नेत्र परीक्षण अधिकारी, राकेश कुमार नेत्र परीक्षण अधिकारी, डा० स्नेहा कुमारी नेत्र सर्जन, सद्दाम हुसेन फार्मासिस्ट एवं स्वास्थ व परिवहन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी स्वास्थ एवं नेत्र परीक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# गोरखपुर : दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
गोरखपुर। सहजनवा इलाके के रानूखोर गांव में आमी नदी के किनारे आजमगढ़ जिले की एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर से नाराज होकर निकली युवती की मदद करने के बहाने युवक ने घटना को अंजाम दिया है। शुक्रवार की सुबह चार बजे पास के गांव में जाकर युवती ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस और परिजनों को जानकारी दी गई। युवती के चेहरे व शरीर पर चोट लगने के कारण उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर ली। आज सुबह तड़के सहजनवा पुलिस व एस ओ जी की टीम ने गीडा सेक्टर 26 में मुठभेड़ के दौरान दुष्कर्म के आरोपी के पैर में गोली लगी है, आरोपी को सहजनवा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उसे बी आर डी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। आरोपी की पहचान ताहिर अली पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी मोती नगर खलीलाबाद के रूप में हुई ।

# वाराणसी : बीएचयू बवाल मामले में तीन छात्रों को मिली अग्रिम जमानत

लोक तंत्र की आवाज़



रत्ना शुक्ला
वाराणसी। सड़क हादसे में बीएचयू छात्र के मृत होने की अफवाह पर चीफ प्रॉक्टर कार्यालय व कुलपति आवास में घुसकर तोड़फोड़ करने व गाली–गलौज करते हुए सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपित तीन छात्रों को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) अनिल कुमार पंचम की अदालत ने आरोपित छात्र घरिहा (गाजीपुर) निवासी अंकित पाल, रोहतास (बिहार) निवासी क्षितिज कुमार व अहरक (बडागांव) निवासी दर्शित पाण्डेय को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की दशा में 50–50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में आरोपित छात्रों की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, चंद्रबली पटेल व रोहित यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार बीएचयू चीफ प्रॉक्टर कार्यालय के सहायक सुरक्षा अधिकारी राकेश गुप्ता ने 18 फरवरी 2024 को लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप था कि 17 फरवरी 2024 को ब्रोचा छात्रावास के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी थी। इस बीच यह अफवाह फैलने पर की मृतक बीएचयू का छात्र है को लेकर बीएचयू के छात्र शुभम शुक्ला, संजय गांधी, अनुज राम, अंकित राय, दुर्गेश यादव के नेतृत्व में करीब 200 से की संख्या में छात्र अपने हाथों में लाठी–डंडा, सरिया व ईंट–पत्थर लेकर चीफ प्राक्टर कार्यालय में घुस गये और वहां तोड़फोड़ करते हुए सुरक्षाकर्मियों के साथ गाली–गलौज व मारपीट करने लगे। चीफ प्रॉक्टर प्रो. शत्रुधन त्रिपाठी, डा. राजेश कुमार सिंह, डॉ. अमरेश प्रताप सिंह ने उग्र छात्रों को समझाने का काफ़ी प्रयास किया, लेकिन वे गाली–गलौज व धमकी देते हुये कुलपति आवास में अनाधिकृत रूप से घुस गये और वहां खड़ी सरकारी इनोवा गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा सुपरवाइजर सच्चिदानंद राय, रमाशंकर सिंह, अशोक शर्मा समेत अन्य गार्डों से मारपीट करते हुये वादी को भी लाठी–डंडे व पत्थर से मारे। नाराज छात्रों ने मुख्य द्वारा एवं नरिया गेट को बंद कर दिया एवं प्रदर्शन करने लगे। इस मामले में पुलिस ने 12 नामजद समेत 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### भागलपुर का स्थापना दिवस मनाया गया



केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। अपने अध्यक्षीय भाषण में योगेश पाण्डेय ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी भागलपुर के नागरिक यह संकल्प लें कि पौराणिक काल से लेकर और हाल के दिनों तक जो भागलपुर का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। कहीं न कहीं हमारे कर्तव्य भाव के कारण जो कमियां आई हैं उसे हम सभी लोग अपने कर्तव्य परायणता से पुनः हम सभी लोग मिलकर भागलपुर के इस गौरवपूर्ण काल को पुनः लायेंगे। यह स्थापना दिवस इस संकल्प का दिवस हो। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अंजना प्रकाश,जिला प्रवक्ता विनोद सिन्हा,, ईश्वर नगर मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, महामंत्री हेमंत शर्मा, मनीष कश्यप सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिक्षिका ने दिखाई हिम्मत,कोढा गैंग के दो झपटमारों को लोगों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा



केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। बैंक से पैसा निकासी कर घर जाने के क्रम में लोगों को छिंतई के घटना को अंजाम देने के दो दर्जन से अधिक मामले घटित हो चुके थे। लेकिन इक्के दुक्के के मामलों में ही पुलिस को सफलता प्राप्त हुई थी।इसमें भी किसी अपराधी को घटना को अंजाम देते हुए नहीं पकड़ा जा सका था ।लेकिन शुक्रवार को प्रधानाध्यपी का नीतू कुमारी और लोगों की दिलेरी से दो बाइक सवार झपट मारो को पड़कर पीरपैंती थाना अध्यक्ष नीरज कुमार के सुपुर्द कर दिया गया।घटना के संबंध में मध्य विद्यालय गोराडीह की शिक्षिका नीतू कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह अपने सहकर्मी शिक्षक निकेश अग्निहोत्री के साथ एसबीआई बैंक से ?50000 लेकर जा रही थी। उनकी बाइक स्टार्ट नहीं हुई तो पैदल ही किसी मैकेनिक के यहां जा रहे थे। तभी बाइक सवार बदमाशों ने पर्स छीन कर भागने का प्रयास किया ।लेकिन उनकी जोरदार पकड़ के कारण बदमाश असफल हो गया।भागने के प्रयास में बाइक सवार की बाइक उलट गई और वे लोग पैदल ही गौशाला के पीछे बगीचे की तरफ भागने लगे ।इसी क्रम में शोर मचाने पर वहां के स्थानीय लोगों ने खदेड़कर दोनों बाइक सवार झपट मारो को पकड़ लिया। पुलिस को दोनों ने अपनी पहचान कोडा गैंग के जुबरगंज निवासी रामू यादव के पुत्र प्रकाश यादव और धर्मेंद्र यादव के पुत्र सोमियाल यादव के रूप में बताई। दोनो झपटमारों के पास से दो मौबाईल, दो मास्टर चाबी, तथा खुजली वाला पाउडर ,तथा एक व्हाईट कलर की अपाची गाड़ी बरामद की गई है।

### भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत दिघवारा के द्वारा हुई प्याऊकी व्यवस्था



दिघवारा ( सारण )। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत दिघवारा के द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर प्याऊकी व्यवस्था की गई। प्याऊव्यवस्था के संचालन का विधिवत उद्घाटन नगर पंचायत दिघवारा के कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत दिघवारा के अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कुमार व नगर पंचायत दिघवारा के सभी वार्ड पार्षद भी मौजूद रहे। वहीं प्याऊकी व्यवस्था को शुरू कराने में प्रधान सहायक राकेश कुमार व आशुतोष कुमार पप्पू का सराहनीय योगदान रहा है।

# मुंगेर संसदीय क्षेत्र में दरकने लगा नीतीश कुमार का कोर वोटर लव–कुश समीकरण, मुकाबला बना दिलचस्प

लोकतंत्र की आवाज

जदयू प्रत्याशी ललन सिंह और राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता के बीच कांटे का मुकाबला



**मुंगेर ।** मुंगेर में मौसम का तापमान बढ़ने के साथ ही सियासी तापमान भी सिर चढ़कर बोलने लगा है। टिकट वितरण में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के जातीय समीकरण के बुने जाल ने एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की परेशानी बढ़ा दी है। जैसे–जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, वैसे–वैसे जातीय गोलबंदी ने विकास के मुद्दे मतदाता के जेहन से उतरने लगा है। राजनीतिक हलकों की चर्चाओं के साथ ही मतदाताओं के बीच हो रही है जुबानी जंग ने मुंगेर लोकसभा चुनाव को अगड़ी और पिछड़ी जाति की लड़ाई का संकेत दे रही है। परिसीमन के बाद 2009 में हुए चुनाव में जदयू के प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने राजद प्रत्याशी रामबदन राय को पराजित किया। 2014 में बाहुबली सुरजभान सिंह की पत्नी लोजपा प्रत्याशी वीणा देवी ने ललन सिंह को पराजित कर दी। वहीं 2019 में जदयू के ललन सिंह ने बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को पराजित कर सांसद पहुंचे, लेकिन इस बार की जातीय समीकरण ने राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की मुश्किल है बढ़ती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खासमखास जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, राजद के टिकट वितरण से पूर्व चुनाव को आसानी से जीत जाने का मंसूबा पाले हुए थे। परिसीमन के बाद मीडिया ने इसे भूमिहार बाहुल्य क्षेत्र में परिभाषित करने का काम किया,लेकिन मुंगेर लोकसभा में धानुक–कुर्मी, कुशवाहा और दलित बाहुल्य क्षेत्र है। उसके बाद भूमिहार की आबादी है। भूमिहार और नीतीश कुमार का कोर वोटर यानि लव–कुश समीकरण के बदौलत आसानी से चुनाव एनडीए जीत जाते थे,लेकिन इस बार बहुजन के नेता सह बाहुबली अशोक महतो की पत्नी कुमारी अनिता को राजद ने टिकट देकर लव–कुश समीकरण पर सेंघ लगाने का पुख्ता इंतजाम कर दिया है। ऐसा नहीं की राजद ने पहली बार लव–कुश समीकरण के तहत धानुक कुर्मी को टिकट दिया है। इससे पूर्व भी राजद ने 2009 में रामबदन राय को टिकट दिया। 2014 में प्रगति मेहता को टिकट दिया। लेकिन यह दोनों प्रत्याशी लव–कुश समीकरण के वोट में सेंघ लगाने में सफल नहीं हो सके, लेकिन इस बार अशोक महतो की पत्नी कुमारी अनिता को टिकट देकर एक बार फिर लव–कुश वोट पर लालू यादव ने विश्वास जताया है। इसका असर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बार–बार पलटी मारने से उनके समाज के वोटर भी नाराज दिख रहे है। इस बार मुंगेर के लव–कुश समाज के लोग एक ही जाति के लोगों को बार–बार टिकट दिए जाने से जहां नाराज दिख रहे है। वही मुंगेर सीट पर अपना कब्जा करने के लिए पिछड़ी जाति भी एकजुट होते नजर आ रहे है। यदि लव–कुश, दलित, चाँय, बिंद, गंगौता आदि कुमारी अनिता के लालटेन के रथ पर सवार हो गए तो 1996 से मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एक प्रत्याशी लगातार दो बार सांसद बनने का मिथक को ललन सिंह नहीं तोड़ पाएंगे।

### जिला में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए आज सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ बैठक की गई



लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
**साहिबगंज ।** लोकसभा चुनाव – 2024 के परिपेक्ष्य उपायुक्त हेमंत सती के निर्देशानुसार विकास भवन सभागार में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा एवं जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार के संयुक्त रूप से जिला के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ बैठक की ।बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में 18 बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है एवं 117 बूथ ऐसे हैं जहां 50 से 60 प्रतिशत तक ही मतदान हुई।साहेबगंज के मतदाताओं को साहेबगंज क्षेत्र से अपनी भरण पोषण के लिए मतदाता जिला से बाहर हैं उनकी वापसी के लिए हमें एक नई पहल करनी है।वहीं जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ने बताया कि स्वीप कोषांग के तहत जिला में मतदाता जागरूकता एवं मतदाता वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है वही सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से अपील की आदर्श आचार संहिता उल्लंघन ना करते हुए मतदाता जागरूकता को लेकर कुछ ऐसी वीडियो स्क्रिप्ट करें जो मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। जिससे जिला में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो पाए। बैठक में आए सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर ने मतदाता जागरूकता को लेकर अपनी सहभागिता दिखाई।बैठक में जिला खेल पदाधिकारी– सह– स्वीप कोषांग प्रभारी राजेश कुमार चौधरी, स्वीप कोषांग सहयोगी प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा एवं जिला के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सम्मिलित रहे।

## एकमा व रसूलपुर में आयोजित जनता दरबार में सीओ ने किया दो मामलों का निपटारा



लोकतंत्र की आवाज

**छपरा (प्रो एके सिंह सेंगर)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर क्षेत्र के भूमि विवाद संबंधित मामलों को सुगम, सहज व निष्पक्ष तरीके से दोनों पक्षों की सहमति से निष्पादित करने के लिए शनिवार को एकमा व रसूलपुर थाना परिसर में अलग–अलग जनता दरबार का आयोजन अंचलाधिकारी राहुल शंकर की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान एकमा व रसूलपुर थानों में भूमि एवं राजस्व से संबंधित कुल पांच मामले आए। जिनमें से एकमा सीओ राहुल शंकर के द्वारा जनता दरबार में भूमि संबंधित दो मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की सहमति से करा दिया गया। इस अवसर पर सीओ श्री शंकर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को भूमि एवं राजस्व से संबंधित विवादों का शीघ्र, सहज एवं निष्पक्ष तरीके से निपटारा कराना मेरी प्राथमिकता है।इस मौके पर सीओ राहुल शंकर, एकमा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर उदय कुमार, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार, राजस्व कर्मचारी रुद्र कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## 2004 में फील गुड के कारण अटल जी की सरकार चली गई थी', मुंगेर में ऐसा क्यों बोले ललन सिंह?

लोकतंत्र की आवाज



**मुंगेर ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मुंगेर में अपने समर्थकों के साथ मिलकर ललन सिंह ने जनसंपर्क अभियान चला रहे है. उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि जमकर काम किजीए फील गुड मत किजीए. ये चुनाव है. जैसे–जैसे गर्मी का तापमान बढ़ रहा है, वैसे–वैसे मुंगेर लोकसभा की राजनीति भी परवान चढ़ रही है. यहां अपनी–अपनी जीत के लिए लगातार नेता अपने समर्थकों के साथ लोगों के बीच जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं. भीषण गर्मी में प्रत्याशी डोर टू डोर जा रहे हैं. इसी क्रम में मुंगेर लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ मुंगेर और जमालपुर मे कैंपेन किया।

फील गुड में मत रहिएगा चुनाव है' एनडीए प्रत्याशी के जमालपुर में आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की वर्षा की. भीषण गर्मी और तपिश में भी कार्यकर्ता डटे रहे. इस मौके पर एनडीए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ललन सिंह ने कहा ₹फील गुड₹ में मत रहिएगा चुनाव है चुनाव. उन्होंने कहा कि जब तक 13 मई तक वोट नहीं पड़ जाता, तब तक फील गुड में मत रहिएगा. बूथ से लेकर हर घर तक पहुंचने का प्रयास कीजिएगा.उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगे कहा ₹2004 में जब बेगूसराय से लोकसभा का चुनाव हम लड़ रहे थे और उस समय देश में प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार थी, जब क्षेत्र में जाते थे सभी लोग कहते थे फील गुड है, लेकिन अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार चली गई. इसलिए फील गुड में नहीं रहिएगा चुनाव–चुनाव है.इस दौरान वो लालू और राबड़ी देवी पर जमकर बरसे. उन्होंने कहा कि नीतीश के राज में जहां 20 से 22 घंटे बिजली मिल रही है, वहीं आरजेडी के लोग लालटेन लेकर घूम रहे हैं. उन्होंने कहा कि बिहार में जब लालू और राबड़ी की सरकार थी उस समय आंतक और जंगल का राज था. मुख्यमंत्री नीतीश को लेकर कहा कि नीतीश कुमार से हमारा 37 साल से रिश्ता है. कई उतार चढ़ाव आए. कभी हम लोगों ने साथ नहीं छोड़ा. और मेरा संकल्प है कि जब तक नीतीश कुमार जीवित हैं हम उनके साथ हैं।

हॉट सीट बन गई है मुंगेर लोकसभा की सीट देखा जाए तो मुंगेर लोकसभा हॉट सीट हो गई है. एक तरफ एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह तो दूसरी ओर महागठबंधन के प्रत्याशी बाहुबली अशोक महतो की पत्नी कुमारी अनीता चुनाव मैदान में हैं. दोनों प्रत्याशी इस चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंक रहे हैं. अब देखना यह है कि 13 मई को मुंगेर लोकसभा का सेहरा किसके सिर सजता है।

## मुंगेर संसदीय क्षेत्र को एजुकेशन का हब बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे है निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार

लोकतंत्र की आवाज



**मुंगेर ।** मुंगेर संसदीय क्षेत्र से कुल 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। प्रत्येक प्रत्याशी अपने अपने बातों से मतदाता को अपनी ओर आकर्षित करने में लगे हैं। वहीं दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार की चर्चा इन दिनो संसदीय क्षेत्र में तेजी से जनता के जुबान पर सुना जा रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के 06 विधानसभा क्षेत्र क्रमशः मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ ,लखीसराय, बाढ तथा मोकामा में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क के माध्यम से जनता को अपने पांच विजन बता रहे हैं । जिसमें युवाओं के लिए शिक्षा, मजदूरों के लिए 365 दिन का रोजगार, लाचार बीमार के लिए हर विधानसभा में पीएमसी अस्पताल के अलावे जिले के प्राचीन धरोहर को टूरिज्म के क्षेत्र में विकसित करना पहली प्राथमिकता में शामिल है। निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार कहते हैं कि जनता मालिक का आशीर्वाद अगर मुझे मिलता है तो, दीए तले अंधेरी वाली कहावत को सिरे से खारिज कर दिखाऊंगा। क्योंकि जब तक की अपना बिहार जाति धर्म संप्रदाय के बंधन से मुक्त नहीं होगा, तब तक हम सभी ठगे जाते रहेंगे। इतना ही नहीं मुंगेर एवं जमालपुर विधानसभा क्षेत्र प्राचीन धरोहर को विकसित करने के साथ इनके विकास की रोड मैप तैयार करने हेतु जनसंपर्क के दौरान सूचीबद्ध कर रहा हूं। निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार के साथ युवाओं की अच्छी खासी भीड़ जनसंपर्क के दौरान देखी जा रही है । युवा वर्ग उनके प्रति आकर्षित हो रहे हैं और उनके वीजन को समझ रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान हेमंत कुमार, गोरखनाथ सिंह, राहुल कुमार, रुद्रा दिवाकर सिंह, सौरभ कुमार,राहुल कुमार सिंह, अमित पासवान, सुधांशु यादव, बृजेश कुमार, अमित, सुरेश साहा,गोपाल तांती सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे।

## साहिबगंज : रेट कॉस सोसाइटी की समीक्षा बैठक का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख
**साहिबगंज ।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में रेडक्रॉस सोसाईटी की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त महोदय द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं व्यक्तियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की परिभाषा एवं उसके लक्ष्य के बारे में जानकारी ली।उन्होंने बताया गया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी भारत में स्थित मानव जीवन को स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक स्वैच्छिक मानववादी संगठन है। इसका कार्य न केवल स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराना है अपितु आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में जीवन रक्षक सभी सामग्रियों को जरूरतमंदों तक पहुंचाना भी है।उपायुक्त द्वारा सोसाइटी के सफल संचालन हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा हेल्थ कैंप, रक्त दान शिविर के आयोजन करने की रुप–रेखा तय करने के संबंध विचार–विमर्श किया गया। साथ ही सोसाइटी को सुचारु रुप से संचालित करने हेतु कार्यालय स्थापित करने के संबंध में निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी, साहेबगंज की बैठक अब प्रत्येक माह को आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित कार्यों को विशेषकर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 08.05 .2024 को कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय साहेबगंज में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाए।उपयुक्त महोदय द्वारा साहेबगंज जिला अंतर्गत सभी सरकारी कर्मचारी, संविदा कर्मी एवं पदाधिकारी को ?500 सदस्यता शुल्क देकर वार्षिक सदस्य बनाने हेतु निर्देश दिया गया। इस कार्य हेतु सभी विभागों को पत्र देने का निर्देश दिया गया । हर वितिय वर्ष के कार्य योजना में सचिव द्वारा पेट्रोन मेंम्बर 200 तथा वाइस पेट्रोन मेंम्बर 500 का लक्ष्य रखा गया है ।सभी अपनी अहम भूमिका निभाते हुए समय– समय पर स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं विभिन्न क्षेत्रों में लोगों में हित में कार्य किए जाय, इसमें सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्रदर्शित होंगे।मौके पर जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, सिटी मैनेजर बृजेश कुमार, रेट क्रॉस के सचिव डॉक्टर विजय कुमार एवं रेडक्रॉस के की सदस्य गण मौजूद रहे ।

## निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार के समर्थन में उतरे जिले के चर्चित नेता संजय केसरी

लोकतंत्र की आवाज



**मुंगेर ।** लोकसभा चुनाव का मतदान की तिथि जैसे–जैसे नजदीक आ रही है, वैसे वैसे प्रत्याशी दमखम के साथ प्रचार प्रसार कर रहे हैं। कोई तीर की बात कर रहे हैं तो कोई लालटेन की ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार उर्फ गुरुजी के चुनाव चिन्ह बांसुरी बजने को लेकर तेजी से मतदाता उनके समर्थन में गोल बंद हो रहे। शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में जिले के चर्चित नेता संजय केसरी अपना समर्थन तमाम समर्थकों के साथ इनके विचार से प्रभावित होकर दिए हैं। समर्थन कर रहे संजय केसरी ने बताया कि मुंगेर लोकसभा में 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में खड़े हैं, जिसमें से नीतीश कुमार उर्फ गुरु जी के विचार समाज एवं देश हित के साथ शहर हित हैं जो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करने का रोड मैप तैयार कर चुनावी मैदान में खड़े हैं। जो मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के जनता के लिए शुभ संकेत है। निर्दलीय प्रत्याशी के सोच एवं विचार को सुनकर जब युवा वर्ग प्रभावित हुए और हमने भी इनका विचार सुना तो नीतीश कुमार के समर्थन आने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि ऐसे विचार के युवा कि समाज को जाति धर्म संप्रदाय के भेदभाव को मटकर क्षेत्र का विकास करने का दाम रख सकते हैं। इधर संजय केसरी के समर्थकों ने फूल माला से नीतीश कुमार का आपका स्वागत किया।

## वादा तेरा वादा : हर चुनाव में नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने के नाम पर लॉलीपॉप थमाते रहे हैं

लोकतंत्र की आवाज

रंजीत कुमार विद्यार्थी
**मुंगेर ।** 10 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर मुंगेर व जमालपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचते हैं ग्रामीण दो दशक से अधिक समय से क्षेत्रवासी स्वतंत्र प्रखंड के लिए कर रहे हैं आंदोलन दो–दो मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी नौवागढ़ी को नही मिल पाया स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा वर्ष 2009 में हुए नये परिसीमन के बाद मुंगेर एवं जमालपुर विधानसभा के राजनीतिक केंद्र बिंदु बने उभरे नौवागढ़ी क्षेत्र को दो–दो मुख्यमंत्री राबडी देवी एवं नीतीश कुमार की घोषणा के बाद भी स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा नहीं मिल पाया है। हर लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में यहां के लोगों को नौवागढी को प्रखंड बनाने का आश्वासन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा मिलता रहा है, लेकिन 24 वर्ष पुरानी नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने की मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। वर्ष 2024 के संसदीय चुनाव में नौवागढ़ी प्रखंड का मुद्दा एक बार फिर गर्म है। रहनुमाओ को इस मुद्दे पर जनता जनार्दन को जवाब देना होगा कि आखिर नौवागढी को इतने वर्षों के बाद भी स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा क्यों नहीं मिल पाया ? चरणबद्ध आंदोलन के बाद भी नौवागढ़ी को स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा नहीं मिलने से क्षेत्रीय मतदाता अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। बताते चले कि अखिल भारतीय डा. अंबेडकर सेवा समिति नौवागढ़ी के सचिव रणजीत कुमार विद्यार्थी ने वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव सहित अन्य मंत्रियों को पत्र लिखकर नौवागढ़ी क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति से अवगत कराते हुए नौवागढ़ी को स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा दिए जाने का मांग किया था। इसके बाद तत्कालीन डीएम राधेश्याम बिहारी सिंह से जांच रिपोर्ट तलब किया था। डीएम के निर्देश गठित 03 सदस्यीय टीम ने अपने रिपोर्ट में लिखा था की भौगोलिक दृष्टिकोण से सभी पंचायते एक दूसरे के करीब है। प्रस्तावित प्रखंड का केंद्र बिंदु नौवागढ़ी बाजार है। पूरे प्रखंड का क्षेत्रफल 62,30432 हेक्टेयर है। प्रस्तावित प्रखंड की आबादी 01 लाख के करीब है। प्रखंड बनने से एक लाख की आबादी लाभान्वित होंगे। वर्तमान में यहां के लोगों को 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर मुंगेर सदर तथा जमालपुर प्रखंड कार्यालय आना–जाना पड़ता है। प्रखंड बनाने का वादा करने वाले रहनुमाओ में पूर्व मंत्री डॉ मोनाजिर हसन, सांसद ब्रह्मानंद मंडल, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण, विधायक अनंत कुमार सत्यार्थी, विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, विजय कुमार विजय सहित ललन सिंह सहित अन्य हर लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव मे वादा करते रहे हैं। वर्ष 2005 मे बंगाल में आयोजित तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने अपनी सभा में नौवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा देने की घोषणा की थी। फिर वर्ष 2017 के विकास यात्रा के क्रम में नौवागढ़ी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नौवागढी को प्रखंड बनाने का वादा किया था। दोनों मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद भी आज तक नौवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा नहीं मिल पाया है। बताते चले कि डीएम के द्वारा भेजे गए रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित नौवागढ़ी प्रखंड में जमालपुर प्रखंड के 05 पंचायत क्रमशः पाटम पूर्वी, पाटम पश्चिमी, इटहरी, कलारामपुर तथा बाक पंचायत को शामिल किया गया था। वहीं, मुंगेर सदर प्रखंड के नौवागढ़ी दक्षिणी, नौवागढ़ी उत्तरी, तारापुर दियारा तथा जानकीनगर पंचायत को शामिल किया गया था। राज्य सरकार को जमालपुर प्रखंड के 05 तथा सदर प्रखंड के 04 पंचायत को मिलाकर नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने का प्रस्ताव भेजा था। इसके बावजूद भी नौवागढ़ी को प्रखंड बनने का सपना आज तक साकार नहीं हो पाया है । 24 वर्ष पुराने इस मुद्दे को 2024 के लोकसभा चुनाव में भी प्रत्याशी लॉलीपॉप थमाते दिख रहे हैं। इस बार भी लॉलीपॉप थमा कर मतदाताओं को ठगने का प्रयास किया जा रहा है । लेकिन यह जो पब्लिक है, सब कुछ जानती है..., के तर्ज पर नौवागढ़ी क्षेत्र के मतदाता रहनुमाओ पर गर्म दिखाई पड़ रहे हैं। प्रस्तावित नौवागढ़ी प्रखंड में शामिल पंचायत की आबादी वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार नौवागढी उत्तरी पंचायत 12783, नौवागढ़ी दक्षिणी 14467, जानकीनगर 5619, तारापुर दियारा 10112, बाक पंचायत 11937, पाटम पूर्वी 9110, पाटम पश्चिम 6516, रामपुरकला 7463 इटहरी पंचायत की आबादी 15716 है। क्षेत्रीय ग्रामीण सुधीर मंडल, संजय कुमार, संजीत मंडल सहित आदि ग्रामीणी ने इस मुद्दे पर कहा कि नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने का वादा कर कई लोग विधानसभा तथा सांसद भवन पहुंच गए, लेकिन आज तक नौवागढ़ी प्रखंड नहीं बन पाया है। सामाजिक कार्यकर्ता सह वरिष्ठ पत्रकार रंजीत विद्यार्थी ने बताया कि जब तक नौवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा नहीं मिल जाता है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, करीब 13 लाख रुपए जाली नोट के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा फरार



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, एसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में सदर डीएसपी 2 के नेतृत्व में कोटवा थाना क्षेत्र में वाहन जांच में मठिया के पास 1 मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक को 12 लाख 90 हजार रुपया, 500 रुपए के जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक युवक भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि राजापुर मठिया से संग्रामपुर रोड़ में डिलेवरी देने जा रहा था युवक। जबकि डिलेवरी लेने वाला युवक पुलिस को देखकर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है जानकारी। वही थानाध्यक्ष राज़ रुप राय ने कहा है। आवश्यक पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज जाएगा। वही भागे हुए युवक को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस टीम में पुलिस अधिकारी समेत जवान शामिल थें।

### विधायक ने लिया आग से हुए नुकसान का जायजा, पीड़ित परिवार को सरकारी मदद का आश्वासन



दीपक कुमार

गायघाट प्रखंड अंतर्गत महम्मदपुर सूरा पंचायत के सूरा ग्राम में अचानक आग लगने के कारण सात परिवारों का घर जलकर खाक हो गया तथा उसमें रखे सारा सामान जलकर राख हो गया। आग में दो गायें झुलस गई तथा दो बकरी जल कर मर गई। पशु चिकित्सा पदाधिकारी गायघाट द्वारा दोनों गायों का इलाज किया जा रहा है।सभी पीड़ति परिवारों से मिलकर उन्हें तत्काल हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने हेतु अंचलाधिकारी गायघाट को निर्देश दिया। इस मौके पर साथ में जिला राजद प्रवक्ता अरविंद राय ,जिला महासचिव फूलबाबू राय जी, पूर्व प्रमुख शिव शंकर राय जी, प्रखंड पंचायती राज प्रधान महासचिव धर्मेंद्र यादव ,स्थानीय नेतागण आदि लोग साथ थे।

### संयुक्त छापामारी में तस्कर सहित 32 लीटर शराब बरामद



गौनाहा / प्रखंड पुलिस व एसएसबी द्वारा की गई छापामारी के दौरान 32 लीटर शराब बरामद की गई है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर एस एसबी के साथ की गई छापामारी के दौरान थाना क्षेत्र के मुंगराहा गांव निवासी वीरू खोजभर को 32 लीटर देशी चुलाई शराब ?के साथ पकड़ा गया है। जो शराब नेपाल से लेकर जंगल के रास्ते आ रहा था। वही उसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# मोतिहारी : पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से चमकी बुखार से बचाव को जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी।** 04 मई 2024 को जिले में चमकी को धमकी देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सक्रिय होकर कार्यक्रम चला रही है, वहीं जिले में अब जनप्रतिनिधि भी लोगों को जागरूक करने में शामिल हो सक्रिय भूमिका निभा रहें है।मोतिहारी सदर प्रखंड में सेंटर फॉर कैटालिजिंग चेंज और स्वास्थ्य विभाग के साथ ही उप मुखिया प्रभावती देवी पंचायत कटहां ने अपने वार्ड के साथ चमकी को धमकी पर समुदायक चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में शाहिद सिद्धिकी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, कटहां के द्वारा चमकी बुखार होने के कारण, लक्षण और बचाव पर समुदाय के लोगो को जागरूक किया गया।वहीं उप मुखिया प्रभावती देवी ने उपस्थित लोगो को चमकी से होने खतरा से पहले ही बच्चों को सुरक्षित रखने की अपील की, बच्चों को कड़ी धुप में घरों से न निकलने और किसी भी प्रकार बच्चो में को चमकी जैसी हरकत दिखने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में ले जाने या आशा को सूचित कर बच्चे को अस्पताल तक पहुंचाने के अपील की।चौपाल में सी थ्री जिला समन्वयक आदित्य राज और प्रखंड समन्वयक सारिका ने उपस्थित लोगों को लीफलेट के माध्यम से चमकी से बचाव के तरीके बताए। चमकी प्रभावित मरीज को मिलेगी सरकारी सहायताः जिले के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया की चमकी को धमकी देने को लेकर जिले के चमकी प्रभावित क्षेत्र समेत अन्य प्रखंड क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते हुए बच्चों को धूप में न जाने देने, रात को खाली पेट सोने न देने, एवं रात्रि में , खाना जरूर खिलाने की बातें बताई जा रहीं है। उन्होंने बताया की चमकी बुखार की जानकारी के लिए सभी प्रखंड में कंट्रोल रूम संचालन हो रहा है।उन्होंने बताया की चमकी के लक्षण होने पर देरी बिलकुल भी न करें, तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर आए।चमकी प्रभावित मरीजों के लिए एंबुलेंस के साथ मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के वाहनों को टैग किया गया है। एंबुलेंस नहीं मिलने पर किसी वाहन से हॉस्पिटल ले जाएं। हॉस्पिटल द्वारा किराया का भुगतान किया जाएगा।

**चमकी से बचाव के उपाय;** जिले के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल से जुलाई तक बढ़ते तापमान में एईएस / जेई का खतरा होता है। इससे बचाव के लिये अभिभावक अपने बच्चे की धूप से बचाएं। रात को किसी भी हालत में भूखे नहीं सोने दें। दिन में एक बार ओआरएस घोल कर जरूर पिलाएं। बच्चे को कच्चा लीची नहीं खाने दें। बच्चा अगर घर में भी है तो घर की खिड़की व दरवाजा बंद नहीं करें।कमरा हवादार रहने दें। रात में हल्का मीठा जरूर दें, बच्चों पर ध्यान दें. किसी प्रकार की दिक्कत हो तो तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर आए।

### ग्रामीणों को दी जा रही है चमकी को धमकी देने की सिख




## आईसीडीएस द्वारा आयोजित दो दिवसीय पोषण प्रशिक्षण का समापन



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा** / प्रखंड आईसीडीएस कार्यालय परिसर में शनिवार को पोषण ट्रैकर एवं वृद्धि निगरानी पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण में सेक्टर 6,7,8 व 9 के 105 सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक सीडीपीओ कुमारी सुचेता ने सेविकाओं को बच्चों के शारीरिक विकास एवं उनके कुपोषण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का उम्र के अनुसार उनकी लंबाई व वजन बढ़नी चाहिए। बच्चों का समय–समय पर लंबाई व वजन लेते रहे। अगर उम्र के अनुसार उनकी लंबाई व वजन नहीं बढ़ती है तो यह समझे कि बच्चा कुपोषण का शिकार है। ऐसे ही शुक्रवार को सेक्टर 1,2,3,4 व 5 के 115 सेविकाओं को सीडीपीओ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। आईसीडीएस के प्रखंड समन्वयक नवीन कुमार गुप्ता, महिला पर्यवेक्षिका रूपम प्रिया, बबीता कुमारी तथा प्रीति कुमारी द्वारा सेविकाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी सेविकाओं को कुपोषण से बच्चों को बचाने हेतु एक–एक फोल्डर भी दिया गया।

### बीपीआरओ ने पंचायत सचिवों, लेखापाल सह आईटी सहायकों को बैंक खातों में संचित अव्ययित राशि को कोषांगार में जमा हेतु किये निर्देशित




लोकतंत्र की आवाज

**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**

**बगहा।** प्रखंड बगहा दो के सभागार भवन में शनिवार की प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी समरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 25 पंचायत के पंचायत सचिव, लेखपाल सह आईटी सहायकों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीआरओ ने बैंक खातों में संचित अव्ययित राशि को कोषांगार में जमा करने हेतु विस्तृत जानकारी देते हुए सभी पंचायत सचिव, लेखपाल सह आईटी सहायकों का आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। बीपीआरओ ने बताया कि 12वीं वित्त, 13वीं वित्त, बीआरजीएफ, तृतीय राज्य वित्त आयोग, चतुर्थ राज्य वित्त आयोग से संबंधित खातों में अव्ययित राशि को कोषांगार में जमा करने हेतु निर्देश दिए।मौके पर पंचायत सचिव पारस राउत, संभू नाथ पांडे उमाशकर प्रसाद, अमरजीत कुमार, मनिष कुमार, प्रमोद कुशवाहा, संतोष महतो, रमाशंकर साह लेखापाल सह आईटी सहायक अमित कुमार, विनीत कुमार, रविरंजन, अस्मिता कुमारी, सुनीता कुमारी, आदि उपस्थित थे।

## बगहा :निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल ने किया नामांकन, RJD और NDA नेताओं की उड़ाई नींद

लोकतंत्र की आवाज



**बगहा से शमसाद अंसारी**

**बगहा।** वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार दिनेश अग्रवाल ने शनिवार को समाहरणालय कक्ष में अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन से पहले उन्होंने बगहा के चंडी स्थान में व चौतरवा चौक पर हनुमान मंदिर में पूजा पाठ किया। उसके बाद अपने समर्थकों के साथ बेतिया पहुंचे। इस दौरान दिनेश अग्रवाल ने कहा की वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र बिहार की धरोहर व काश्मीर के नाम से ख्याति प्राप्त है। लेकिन अभी तक वाल्मीकि नगर का समुचित विकास नहीं हो सका है। परंतु मैं वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र को विकसित व प्रगतिशील बनाने के लिए सदैव कृत संकल्पित रहुगा। इसके उन्होंने कहा कि महिलाओं की समुचित विकास के लिए लगातार प्रयासरत हुं। बेरोजगार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए रोजगार मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयासरत हुं। ताकि महिलायें व बेरोजगार युवक अपनी सर्वांगीण विकास कर सकें। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों, महिलाओं, बेरोजगार युवाओं के लिए लगातार प्रयासरत हुं। कहा कि वाल्मीकि नगर की जनता मुझे अपना आशीर्वाद दिया, तो वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र को बिहार का काश्मीर बनाने , रतवल के नैनाहा में औधोगिक पार्क निर्माण कराने के लिए प्रयासरत रहुंगा। इधर नामांकन के पश्चात कार्यकर्ताओं ने श्री अग्रवाल के उपर फुलों की बारिश की। तथा दिनेश अग्रवाल जिन्दाबाद के नारों से होटल परिसर गुंज उठा। तथा निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल ने हजारों हजार की संख्या में उमडी समर्थकों की भीड को हाथ उठा कर अभिवादन किया। दिनेश अग्रवाल ने वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आप हमें अपनी बहुमूल्य वोट दें, मैं लोकसभा क्षेत्र की चौमुखी विकास, विकसित वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र के लिए कृत संकल्पित रहुंगा।

# मोतिहारी : लोकसभा प्रत्याशी वीआईपी पार्टी से डॉ राजेश कुमार के नामांकन में पहुंचे बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारीः** पूर्वी चंपारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से डॉ राजेश कुमार, विकासशील इंसान पार्टी के प्रत्यासी द्वारा निर्वाची पदाधिकारी 03– पूर्वी चंपारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र– सह–अपर समाहर्ता, पूर्वी चंपारण के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। वही नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि मोतिहारी में बदलाव की शख्त आवश्यकता है। जनता अपार समर्थन और प्यार देख कर गदगद हुए पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव। वही वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि देश में सिर्फ नफरत की राजनीति करतीं हैं भारतीय जनता पार्टी। जनता इस बार सबक सिखाएगी। इस कार्यक्रम में राजद के जिलाध्यक्ष सह कल्याणपुर विधायक मनोज कुमार यादव, समेत महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।





## छात्राओं ने पेंटिग के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान को बनाया सफल

लोकतंत्र की आवाज



**बेतिया।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिले में लगातार संचालित की जा रही है इस मतदाता अभियान अंतर्गत हम लोगों का जो लक्ष्य है अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मत का प्रयोग करें। उक्त बातें नोडल स्वीप कोषांग पदाधिकारी कामलाकान्त त्रिवेदी ने कही। उन्होंने बताया कि मतदाता केंद्र में तरह–तरह के सुविधा भी इस बार मतदाताओं के लिए दी जाएगी, जहां गर्मी के मौसम के प्रकोप को देखते हुए जिला निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के निर्देशानुसार जिले अंतर्गत जहां धूप का ज्यादा प्रभाव हो रहा हो वैसे सभी मतदान केंद्रों पर समियाना, पंडाल आदि की सुविधा के साथ–साथ शुद्ध शीतल पेयजल एवं दिव्यांग आदि के लिए व्हीलचेयर आदि जैसी सुविधा भी प्रदान की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की कठिनाई मतदाता को न हो। आज के इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में संत तेरेसा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के उच्च वर्ग कि छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से मतदाता जागरूकता को दर्शाते हुए बताया है कि वोट का क्या महत्व है, अपने अधिकारों को मतदाता जाने, वोट करना बेहद जरूरी है और इन छात्राओं ने शपथ समारोह में शपथ लेते हुए बताया कि हम सभी अपने आसपास के सगे संबंधी सहित पड़ोसियों को अधिक से अधिक जागरूक करते हुए मतदाता की संख्या में वृद्धि करने के लिए सभी मतदाताओं को जागरूक करेंगे ताकि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हमारे मतदाता जागरूक हो सके। इस क्रम में नोडल पदाधिकारी ने बताया कि हम अपने आसपास के सभी मतदाताओं को इस बात की जानकारी भी देंगे की पहली बार वोट करने वाले उन मतदाताओं को भी जागरूक करेंगे की अपने वोट का अधिकार अवश्य समझे और अपना वोट जरूर दे और जिन लोगों ने अब तक अपना वोट का प्रयोग किसी कारण वश न जाना हो, न समझा हो, उन्हें भी जानकारी देते हुए वोट करने के लिए जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर रेखा टुडू, सिस्टर बर्नाडेड, शिक्षक राकेश रेमी सहित स्वीप कोषांग की सदस्या मेरी आडलीन, शमीम आरा, वंदना कुमारी, रविकांत झा, अमूल्य प्रताप सहित सभी सदस्य उपस्थित हुए।

## 10 दिनों से उत्पाद मचा रहे लंगूर को वन कर्मियों व रेस्क्यू टीम ने किया रेस्क्यू

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा से शमसाद अंसारी**

**बगहा।** वाल्मीकी नगर वन क्षेत्र भैरोगंज थाना क्षेत्र के बास गांव मंझरिया गांव का में लगातार लंगूर लोगों को काटकर घायल कर रहा था। फिलहाल बगहा वन क्षेत्र के वन कर्मियों व रेस्क्यू टीम ने पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ दिया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि वीटीआर के जंगल से भटककर भैरोगंज थाना क्षेत्र के बासगांव मंझरिया गांव में कई दिनों से लंगूर लोगों को घायल कर गांव मे आतंक मचाया हुआ है। लंगूर के इस आतंक से परेशान होकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए बगहा वन क्षेत्र के वन कर्मियों व रेस्क्यू टीम पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैकु लाईजर गन से लंगूर मूर्छित कर रेस्क्यू कर लिया और जंगल मे छोड़ दिया। बगहा वन क्षेत्र अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि भैरोगंज थाना क्षेत्र के बास गांव मंझरिया गांव मे एक लंगूर बंदर की जो करीब एक दर्जन लोगों को काटकर घायल किया हुआ था, उसकी सूचना मिली थी। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन कर्मियों व रेस्क्यू टीम को भेजकर ट्रैकुलाईजर गन के सहारे लंगूर बंदर को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन क्षेत्र कार्यालय लाया गया तथा होश मे आने के बाद बंदर को जंगल मे छोड़ दिया गया।




## दरभंगा में पीएम मोदी ने तेजस्वी पर साधा निशाना, बोले– इन्होंने बिहार को जागीर समझा है

लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**दरभंगा।** भारत अब 1000 साल का भविष्य लिखेगा. आज से 1000 साल पहले जब पश्चिम से भारत पर हमले शुरू हुए थे तब किसी ने नहीं सोचा था कि भारत 1000 साल की गुलामी में घिर जाएगा. जो बिहार देश को दिशा दिखाता था वो ऐसे संकटों से घिरा कि सबकुछ तबाह हो गया. लेकिन भारत के भाग्य ने एक फिर करवट ली है. 21 वीं सदी में ये कालखंड ऐसा आया है जब भारत फिर से अपनी सारी बेड़ियां तोड़कर उठ खड़ा हुआ है.आज भारत की दुनिया में जो साख है वो नई ऊंचाई पर है. आज भारत चांद पर पहुंच गया है. जहां कोई नहीं पहुंचा वहां भारत पहुंच गया है. दस साल पहले हम दुनिया की 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थे. सिर्फ दस साल में दुनिया की 5वें नंबर की अर्थ व्यवस्था बन चुके हैं. आपको कोरोना का समय याद होगा. 100 साल का इतना बड़ा संकट आया था. पूरी दुनिया सोचती थी कि भारत तो बर्बाद हो जाएगा. दुनिया भी बर्बाद करेगा. सब यही सोच रहे थे कि अब क्या होगा ? लेकिन उस समय भारत ने दिखाया कि भारत का साम्र्थ्य क्या होता है.भारत न सिर्फ उस संकट से निकला बल्कि दुनिया को भी राह दिखाई. इतने बड़े संकट में भी बिहार के लोगों के साथ इंडी गठबंधन की सरकारों ने जो कुछ किया उसे भुलाया नहीं जा सकता. इन लोगों ने बिहार के लोगों को उस संकट काल में वहां से साजिश करके भगा दिया. वापस भेज दिया था. मेरे बिहार के नौजवानों को, मेरी बिहार की बेटियों को दिल्ली से इंडी गठबंधन वालों ने भगाया था. मैं बिहार के नौजवानों से पूछना चाहता हूं कि जिन्होंने बिहार के साथ गठबंधन किया उन्हें आप माफ करेंगे क्या ?

बिहार के लोगों को बसों में बैठाया गया और बीच रास्ते में छोड़ दिया गया. आज वही लोग आपसे वोट मांगने आ रहे हैं. क्या आप इंडी गठबंधन का इतना बड़ा गुनाह माफ करेंगे क्या ? मैने इस चुनाव में अगले 5 साल के लिए विकास का रोडमैप दिया है. मैने 25 साल का रोडमैप देश का रोड मैप रखा है. मगर हमने अतीत का भी ध्यान रखा है. जैसे एक शहजादे दिल्ली में हैं वैसे ही एक पटना में भी हैं.एक शहजादे ने देश को और दूसरे शहजादे ने बिहार को अपनी जागीर रखा है. याद कीजिए कैसे बिहार में अपहरण उद्योग चलता था. कैसे बड़े बड़े घोटाले से बिहार के खजाने को लूटा जाता था. कैसे शाम होते ही हमारी बहन बेटियां घर से निकलने में डरतीं थीं. कैसे नौकरी देने के पहले जमीन लिखवा ली जाती थी. आज नीतीश जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार के विकास में दिन रात काम कर रहा है ।



## संक्षिप्त खबरें ।

### शराब व आर्म्स के साथ युवक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा, पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के भलुकी गांव में छापेमारी कर आर्म्स के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार से मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिली कि चार बाइक से शराब लाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस दौरान पुलिस ने बलियारी बुजुर्ग गांव के पवन कुमार को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दो गैलन में 50- 50 लीटर कुल 100 लीटर शराब जब्त किया है। चार बाइक को भी जब्त किया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### वांछित शराब धंधेबाज गिरफ्तार,भेजे गए जेल

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा, रजौली।** थाना क्षेत्र के राधे बिगहा गांव से थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने शुक्रवार को एक वांछित शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से दूर-दराज क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की जा रही है।इसी बीच गुप्त सूचना के आलोक में थाना काण्ड संख्या 741/22 में नामजद वांछित आरोपी रतन भुइयां के बेटे भगत मांझी उर्फ भगत भुइयां को गिरफ्तार किया गया। जिसे शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### 08 को मतदाता को जागरूक करने जमालपुर आ रही मैथिली ठाकुर

लोकतंत्र की आवाज

**मुंगेर ।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराने एवं मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत लगातार कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसी के तहत आगामी 8 मई 2024 को बिहार राज्य स्वीप आईकॉन सुश्री मैथिली ठाकुर का आगमन मुंगेर होने जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए आगामी 8 मई को 28 – मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 166 – जमालपुर विधान सभा क्षेत्र के रामपुर कॉलोनी स्थित पानी टंकी मैदान में सुश्री मैथिली ठाकुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों की भी सहभागिता रहेगी। यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने मुंगेर जिला सहित स्थानीय मतदाताओं से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की स्क्रूटनी में दो नामांकन रद्द, अब 15 प्रत्याशी मैदान में

लोकतंत्र की आवाज

**छपरा (सारण)।** 20-सारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए शनिवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में निर्वाची पदाधिकारी द्वारा की गई। स्क्रूटनी में दो प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद्द किया गया। स्क्रूटनी में जिन दो प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद्द किया गया उनमें राकेश कुमार पांडेय-निर्दलीय व अमर प्रसाद - भारत जन जागरण दल शामिल हैं। बताया गया है कि दो प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद्द होने के उपरांत अब 15 विधिमान्य प्रत्याशी रह गये हैं।

### नैक से मूल्यांकन कराने हेतु रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**एकमा (सारण)।** रामाधार सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा के सभागार में कॉलेज के सचिव ई जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में "नैक" से मूल्यांकन कराने के संदर्भ में बैठक आयोजित हुई। जिसमें एनएएसी के 7 पैरामीटर पर चर्चा करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार पांडेय ने सभी आवश्यक मापदंण्डों पर सभी शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। तत्पश्चात प्रमुख विभागों के दायित्वों का बंटवारा किया गया। वहीं एक सप्ताह के अंदर विभाग से संबंधित क्रियाकलापों की समीक्षा करने की बात कही गई। जिससे "नैक" मूल्यांकन समय से कराया जा सके। बैठक में डॉ अमित सिंह, प्रो उमाशंकर सिंह, अजित कुमार, प्रवीण कुमार, अनुप कुमार, राहुल कुमार, हरीशंकर सिंह आदि शामिल थे।

### नशे की हालत में शराबी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**एकमा (सारण)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के जमनपुरा बाजार में बेवजह हंगामा कर रहे एक शराबी कौशलेन्द्र दूबे को रसूलपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने गिरफ्तार शराबी जमनपुरा गांव के निवासी कौशलेन्द्र दूबे का आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उन्हें जेल भेज दिया। उधर जमनपुरा बाजार व रसूलपुर बाजार के लोगों ने बताया यहां देशी व विदेशी शराब की बिक्री हो रही है। जबकि बेनौत बाजार व चिमनी भाट्ठा परिसरों में देशी शराब का निर्माण हो रहा है।

### मारपीट की घटनाओं में आठ लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत आठ लोग घायल हो गए। घायलों में बरेजा गांव की मीना देवी, मनीष कुमार, महमदपुर गांव दिनेश पांडेय, एकमा गांव के सूर्या चौहान, विशुनपुरा गांव के अनिल कुमार, रामपुर गांव के ध्रुप प्रसाद, आमड़ाढ़ी गांव के धूप नारायण साह व सूरत छपरा गांव के अखिलेश कुमार शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर विकल्प दे रहा द एडमिशन लिंकः अर्जुन सिंह



लोकतंत्र की आवाज

**छपरा (सारण)।** बिहार के जो छात्र मेडिकल, नर्सिंग, पैरामेडिकल, होटल मैनेजमेंट, एमबीए, बीएड व अन्य व्यवसायिक कोर्सो में देश के टॉप कॉलेजों में एडमिशन लेना चाहते हैं। उन्हें द एडमिशन लिंक नि:शुल्क मार्गदर्शन के साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही शिक्षा सम्बंधित जानकारी, जैसे बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के बारे में उपलब्ध कराई जा रही है। जीएनएम, बी फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, बीबीए, बीसीए, होटल मैनेजमेंट, वकालत भारत के टॉप कॉलेजों में अपना नामांकन करा सकते हैं। जिसमें रहना, खाना व पढ़ाई का खर्च सरकार द्वारा दिया जाएगा इसमें किसी भी तरह का कोई चार्ज आपको देने की जरूरत नहीं है। बिहार के हर छात्रों को बेहतर रोजगार और अच्छी शिक्षा मिले इसी थीम पर द एडमिशन लिंक इंडिया के टॉप कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में रेगुलर, डिस्टेंस व आनलाइन कोर्स में डायरेक्टर व कंफर्म एडमिशन करवाती है। संस्था के डायरेक्टर अर्जुन सिंह ने बताया कि इस बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अब तक हजारों छात्रों ने टॉप रेंक कालेजों में नामांकन लेकर पढ़ाई कर रहे है।

# मेरे लिए पूरा बिहार ही एक परिवार है : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

लोकतंत्र की आवाज



**विभूतिपुर।** प्रखंड के नरहन में लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल ने किया। संचालन अरविंद कुमार कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्ष को घूरते हुए नाम लिए बगैर कहा कि कुछ लोगों अपने परिवार पत्नी, बेटा, बेटी की चिंता सताती रहती है। मेरे लिए तो पूरा बिहार ही एक परिवार है। इसके विकास के लिए दिन-रात कार्य में लगा रहता हूं ! उन्होंने अपनी उपलब्धि को गिनाते हुए शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार पानी बिजली सड़क पुल पुलिया आरक्षण और महिला सशक्तिकरण जीविका आजीविका सहित आगरा, पिछड़ा, एससी/एसटी सहित अन्य वर्गों के आरक्षण पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि जब हमारी सरकार आई है तो शांति व्यवस्था बहाल किया हूं। लोग अमन चैन से रहते हैं।

गरीब परिवार के लोगों के बच्चों को पढ़ने के लिए संसाधन उपलब्ध कराएं छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न तरह की योजना चला कर पढ़ाई का अवसर दिया। आज वह बिहार ही नहीं देश में विभिन्न पदों को हासिल कर राज्य के नाम को बढ़ा रही है। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण देकर आगे बढ़ने का काम जीविका के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की चर्चा करते हुए। उन्होंने कहा कि बिहार में चल रहे जीविका का अनुकरण देश में केंद्र की सरकार ने आजीविका योजना लाई है। जिला महिला पूर्ण रूप से अपने बल बुद्धि पर कार्य कर रही है। आरक्षण की भी चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 65 +10 यानी 75% लोगों को आरक्षण दिया है। मुसलमान को मदरसे का मान्यता देना कब्रिस्तान की घेराबंदी पर भी अपनी बातें रखी।



उन्होंने जाति आधारित जनगणना के सहारे लोगों के बीच आर्थिक जानकारी प्राप्त कर उन्होंने आर्थिक रूप से भी सहायता प्रदान किया है। कार्यक्रम को स्थानीय सांसद नित्यानंद राय, विजय कुमार चौधरी, रामनाथ ठाकुर, दुर्गेश राय, शिवाजी, चंद्रमणि प्रसाद, चंदेश्वर पासवान, बाबू साहब झा, मनोज कुमार, गुंजन मिश्रा, राम बहादुर सिंह सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्ताओं ने संबोधन किया। मौके पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के खिलाफ नौजवानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए नीतीश कुमार से पेपर लीक मामले का जवाब एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से अग्नि वीर योजना में 4 साल तो सांसद और विधायक को 5 साल क्यों जवाब पूछ रहे थे। और मंच के सामने दर्शक दीर्घा में कुर्सी से उठकर हाथ में पोस्ट लिए अपनी मांगों को रख रहे थे।

# समस्तीपुर लोस से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सन्नी हजारी ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** इंडिया गठबंधन से कांग्रेस उम्मीदवार सन्नी हजारी ने अपने चुनाव कार्यालय का फीता काटकर शनिवार को पूसा प्रखंड के गढ़िया चौक के निकट उद्घाटन किया। प्रखंड क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां इसी कार्यालय से संचालित होंगी। मौके पर एक संक्षिप्त सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष मनोज राय, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से की। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, कल्याणपुर के पूर्व विधायक अशोक वर्मा, कांग्रेस जिला पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, माले के कल्याणपुर प्रखंड सचिव दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए राजद प्रखंड अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार ने बिहार के लोगों को ठगने का काम किया है। भाजपा -जदयू की सरकार में बिहार से श्रमिकों के पलायन में भारी बढ़ोतरी हुई है। आज युवा पीढ़ी रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन उन्हें रोज़गार नहीं मिल रहा है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने कहा कि समस्तीपुर की जनता महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी सन्नी हजारी पर अपना विश्वास जता कर विजयी बनाएगी। धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने किया।

- **कार्यालय से जिले भर में चुनाव कार्यों का होगा संचालन**

# पीरपैंती में मक्का किसानों ने एसडीपीओ को दिया ज्ञापन



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती ब्लाक रोड से पीरपैंती स्टेशन तक मक्का किसान प्रतिदिन ट्रैक्टर के माध्यम से रैक लोडिंग तक ले जाते है। कभी कभी जाम की हालात उत्पन्न हो जाती है। प्रशाशन भी सहयोगात्मक रवैया अपना रही है। कुछ ट्रैक्टर चालक आड़े तिरछे वाहन लगा देते हैं। पीरपैंती के किसानो ने अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी 2 को आवदेन देकर अनुरोध किया है कि लोडिंग स्थल तक किसानो को मक्का लोड कराने में मदद करे। ऋषिकेश सिंह, मिक्कू तिवारी, मिट्ठू पांडे, सहित अनेकों किसान सामिल थे।

# नगर पंचायत कहलगांव के वार्ड नंबर 14 और 17 में पेय जल के लिए मचा हाहाकार

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती/कहलगांव।** कहलगाव वार्ड नंबर 14 और 17 में पिछले कई एक माह से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रहा है। चाहे वह स्टैंड पोस्ट हो या होम कनेक्शन, कहीं भी पानी नहीं आ रहा है। घर-घर जल नल योजना जो माननीय मुख्यमंत्री जी का ड्रीम प्रोजेक्ट उसमें भी कई एक खामियां हैं। उस योजना के तहत भी पाइप से भी जलापूर्ति नहीं हो पा रहा है।



बता दे कि वार्ड नंबर 1 से 17 में कई एक सडक में पाइप लाइन नहीं बिछाया गया है, जबकि आपका प्राक्कलन के नशे में उन सब गलियों में पाइप लाइन बिछाया जाना था, साथ ही साथ हर घर को पेय जलापुर्ति करना है के बावजूद नहीं पाईप लाइन नहीं बिछाया गया है ।और जहां तक बिछाया गया है उसमें भी पानी सिर्फ ट्रायल लिया गया है। लेकिन अभी तक चालू नहीं किया गया है। नगर पंचायत के बैठक में यह कहा गया था की मार्च के अंतिम या अप्रैल तक में हम पेय जलापूर्ति को दुरुस्त कर देंगे लेकिन अभी तक एक भी इंच पाइपलाइन का कार्य आगे नहीं बढाया गया है। बता दे वार्ड 01 से 13 तक प्रातः एवं संध्याकालीन दोनो वक्त दो-दो घंटा पानी सप्लाई किया जा रहा है, जबकि आपके पास तीन पंप है एक को पुराने टंकी के लिए सिर्फ रख कर टंकी मे पानी भर कर दोनों वक्त रेलवे के पूर्वी भाग 14,15,16 एवं 17 में वार्डों मे गेट भल्व को अच्छे ढंग से समय पर उपयोग कर सप्लाई किया जा सकता है।

# महाराजगंज लोकसभा के लिए सिग्रीवाल समेत चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए



लोकतंत्र की आवाज

**छपरा (सारण)।** 19-महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए शनिवार को कुल चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों में महाराजगंज के निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भारतीय जनता पार्टी से अपना नामांकन किया। वहीं साबीर खान- आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), अहमद हुसैन अंसारी - वाजिव अधिकार पार्टी व नयन प्रसाद ने भारत का किसान मजदूर पार्टी से अपना नामांकन दाखिल किया।

# खगड़िया लोकसभा में मतदान का महज दो दिन शेष पर मतदाताओं में उत्साह देखने को नहीं मिल रहा

लोकतंत्र की आवाज

**उत्तर बिहार प्रभारी संजय कुमार सिंह**

**खगड़िया।** लोकसभा में मतदान का महज़ दो दिन रह गए पर लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है। खगड़िया लोकसभा में चुनाव ज्यों ज्यों नजदीक आते जा रहा है त्यों त्यों प्रत्याशियों की धड़कने तो तेज होते जा रहा है, पर मतदाता चुनाव को लेकर खामोश हैं। खगड़िया लोकसभा में तीसरे चरण के चुनाव में 7 मई को मतदान होना है। खगड़िया लोकसभा से कुल 12 प्रत्याशी में डॉ.रवि कुमार, राजेश वर्मा, संजय कुमार, अजय कुमार, आसिफ इमाम, कंचन माला, चन्द्र किशोर ठाकुर, पिंकू कुमार, दीनानाथ चंद्रवंशी, प्रियदर्शी दिनकर, रुपम देवी एवं सोनू कुमार चुनावी मैदान में जोर आजमाइश कर रहे है। इस चुनाव में मुख्य रूप से इण्डिया गठबंधन के संजय कुमार एवं एनडीए गठबंधन के राजेश वर्मा के बीच सीधा मुकाबला होना तय माना जा रहा है।

वैसे 2024 के लोकसभा चुनाव में खगड़िया लोकसभा सीट से पार्टी आलाकमान जहाँ एक तरफ लोजपा (रा) पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से अपने प्रत्याशी राजेश वर्मा को जीत दिलाने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी सीपीआई (एम) के प्रत्याशी संजय कुमार कुशवाहा को जीत के लिए कोई कोर कसर छोड़ने की फिराक में नहीं है। इण्डिया गठबंधन ने खगड़िया लोकसभा में जाति समीकरण को देखते हुए अपने उम्मीदवार के रूप में संजय कुमार कुशवाहा को खगड़िया लोकसभा सीट से सीपीआई (एम) पार्टी से मैदान में उतारा है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत रामविलास पासवान के गृह जिला खगड़िया में लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान के लिए एक तरफ जहाँ खगड़िया लोकसभा सीट प्रतिष्ठा बन चुका है तो वहीं दूसरी तरफ लोजपा (रा) प्रत्याशी को लेकर खगड़िया लोकसभा में लोजपा (रा) पार्टी समेत एनडीए गठबंधन के सहयोगियों को भी सहेजना खगड़िया लोकसभा में चिराग पासवान के लिए टेढ़ी खीर के समान है। हलांकि एनडीए गठबंधन की तरफ से एक जुटता की बात कही जा रही है। लेकिन इसके बाबजूद भी बताया जा रहा है कि पार्टी प्रत्याशी को लेकर कुछ लोजपा (रा) खेमा, कुछ जदयू खेमा तो कुछ भाजपा खेमा में प्रत्याशी को लेकर चिराग पासवान के प्रति नराजगी चल रहा है ।





हाल ही में खगड़िया लोकसभा से 2014 एवं 2019 के लोजपा से रहे निवर्तमान सांसद चौधरी महबूब अली कैसर लोजपा को छोड़कर महागठबंधन के राजद में शामिल होकर चिराग पासवान को एक बड़ा चुनौती दिया है तो वहीं चिराग पासवान के चाचा खगड़िया लोकसभा के अलोली विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके राष्ट्रीय लोजपा सुप्रीम पशुपति कुमार पारस भी चिराग पासवान से नराज चल रहे हैं, जिसका खामियाजा भी लोजपा (रा) पार्टी प्रत्याशी राजेश वर्मा को भुगतने से इंकार नहीं किया जा सकता है। अब देखना है कि इस सब चुनोतियों को स्वीकार करते हुए चिराग पासवान अपने गृह जिला खगड़िया से एनडीए गठबंधन को हैट्रिक जीत दिला पाते हैं कि नहीं? चुनाव की तपीश में सभी प्रत्याशी अपना-अपना जोर आजमाइश में दिन रात एक किये हुए हैं तो वहीं इण्डिया गठबंधन एवं एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी अपने अपने समर्थन के लिए अपने घटक दलों के सहयोगियों के साथ जनता के बीच जाकर अपने अपने गठबंधन के आला कमान के वादे से जनता को अवगत करा रहे हैं लेकिन जनता वर्तमान जनसमस्याओं को लेकर पार्टी प्रत्याशी एवं उनके सहयोगियों की बातें को अनसुना कर रहे हैं ।

जो सभी पार्टी प्रत्याशियों को परेशानी में डाल रखा है। दबी जुबान को लिया जाए तो पार्टी प्रत्याशी को खगड़िया लोकसभा में अपनों से ही भीतरघात का सामना से इंकार नहीं किया जा सकता है । क्योंकि घटक दलों के नेताओं में ही अपने अपने सम्मान को लेकर एक दूसरे से नराजगी चल रही है। जिसका खामियाजा पार्टी प्रत्याशी को चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। ऊंट किस करवट बैठेगा ये तो समय आने पर पता चलेगा कि खगड़िया लोकसभा की जनता किस ओर करवट लेंगे। खगड़िया लोकसभा में जनता का खामोशी पार्टी प्रत्याशी के धड़कन को तेज कर रखा है। चुनाव का महज दो दिन शेष रह गया लेकिन अभी तक चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है।

# वन बूथ ट्वेंटी युथ फार्मूला को बुथ पर लागू करेगी भाकपा-माले

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान वन बुथ ट्वेंटी युथ के फार्मूले को बुथ पर लागू करने का निर्णय शनिवार को नगर परिषद क्षेत्र के मोतीपुर वार्ड संख्या 26 में आयोजित भाकपा माले प्रखंड कमिटी की बैठक में लिया गया।

बैठक में बासुदेव राय, संजीव राय, राजदेव प्रसाद सिंह, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, कैलाश सिंह, दिनेश प्रसाद सिंह आदि ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि भाकपा माले पार्टी इंडिया गठबंधन का घटक दल है और इस नाते उजियारपुर से इंडिया गठबंधन के राजद उम्मीदवार आलोक कुमार मेहता एवं समस्तीपुर से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सन्नी हजारी को सक्रिय समर्थन कर रही है। माले नेता ने कहा कि भाकपा माले घर-घर चलो अभियान के तहत गांव,



टोला, मुहल्ला में बैठक करने के अभियान में जुट गए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाकपा माले ने बुथ जीतो- चुनाव जीतो केंद्रीय नारे के तहत चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाकपा माले कामकाज के हरेक बुथ पर बूथ कमिटी बनाकर सुबह से शाम तक हरेक बूथ पर सक्रिय युवकों को तैनात करने का निर्णय लिया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### लोकसभा चुनाव कार्य के लिए प्रतिनियुक्त गृहरक्षक रौशन कुमार की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



लोक तंत्र की आवाज़

**अररिया।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में शनिवार दिनांक 04.05.2024 को अररिया जिलान्तर्गत सिमराहा थाना क्षेत्र के बरदाहा चौक के निकट हुए सड़क दुर्घटना में रौशन कुमार, गृहरक्षक, सैन्य संख्या 233244 गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसके उपरांत इन्हें सदर अस्पताल, अररिया लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा दिनांक 04.05.2024 को मृत घोषित कर दिया गया। स्व० रौशन कुमार, गृहरक्षक को फारबिसगंज विधानसभा के मतदान भवन कन्या प्राथमिक विद्यालय, डोरिया सोनापुर में चुनाव कार्य हेतु प्रतिनियुक्त किया गया था। स्व० रौशन कुमार, गृहरक्षक, सैन्य संख्या 233244 मुजफ्फरपुर में पदस्थापित थे। जिला पदाधिकारी, अररिया श्रीमती इनायत खान द्वारा दिवंगत के परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता देने हेतु आश्वस्त किया गया है। जिला प्रशासन दिवंगत आत्मा के प्रति शांति एवं विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त करता है।

### बीडीओ एवं थाना अध्यक्ष के पहुंचने पर लोगों ने उत्साहित होते वोट बहिष्कार का निर्णय वापस लिया

लोकतंत्र की आवाज

**पतरघट,सहरसा संवाददाता।** प्रखंड निरवाचन पदाधिकारी सह बीडीओ एवं थाना अध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी का निर्देश पर शुक्रवार को धबौली पश्चिमी पहुंचकर लोगों से वार्ता किया लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग मतदान का अवश्य उपयोग करें। तथा लोगों की मांगों को सुनते मतदाताओं के लिए महापर्व मतदान में भाग लेकर मौलिक अधिकारों का उपयोग का बौध कराया। बीते बुधवार को धबौली पश्चिमी पंचायत स्थित बैंक चौक पर लोगों ने घोड़परास के आंतक से किसानों को मुक्ति दिलाने, ग्रामीण सड़कों में नाला का निर्माण, संस्कृत म.वि.को उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने, नल–जल योजना को चालू करने की मांग को लेकर वोट बहि– ष्कार का निर्णय लिया था। उक्त मामले में जिला पदाधिकारी का निर्देश पर बीडीओ पुलक कुमार एवं थाना अध्यक्ष पुनि अजय कुमार पासवान ने धबौली पश्चिमी में पूर्व मुखिया बैधनाथ प्रसाद सिंह एवं धबौली दक्षिणी के निलाम्बर सिंह के आवास पर पहुंच कर लोगों से मिलते वार्ता कर उनकी समस्या को सुनते निदान का भरोसा दिलाया। तथा 7 मई को मतदान में बढ़–चढ़कर उपस्थिति दर्ज कर मतदान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।बीडीओ एवं थाना अध्यक्ष के पहुंचने पर लोगों ने उत्साहित होते वोट बहिष्कार का निर्णय वापस लिया। बीडीओ एवं थाना अध्यक्ष की बातों पर भरोसा करते एक स्वर से मतदान में शा– मिल होकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का आश्वासन दिया। बीडीओ पुलक कुमार ने कहा जिला पदाधिकारी का निर्देश के आलोक में लोगों की भावना से अवगत होते समस्या का समाधान के लिए आश्वासन दिया। पूर्व मुखिया बैधनाथ प्रसाद सिंह ने बीडीओ के समक्ष धबौली पश्चिमी के मतदान केन्द्रों पर अधिक से अधिक मतदान होने का आश्वासन दिया। वहीं अजय कुमार सिंह, शंभू शरण सिंह– , निरंजन सिंह, यशवंत सिंह, संतोष सिंह बचनू, अंजनी कुमार सिंह, बिजय कुमार सिंह, रूद्रानंद, संतोष कुमार सिंह, सहित ग्रामीणों ने मतदान में बढ़–चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया।

### विस क्षेत्र के डिस्पैच सेंटरों का लिया जायजा

**जगदीशपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों को लेकर जगदीशपुर के ककिला गांव स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जगदीशपुर और शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बने डिस्पैच सेंटर का शनिवार को एसडीएम संजीत कुमार और डीएसपी राजीव चंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम और एसडीपीओ ने ईवएम स्ट्रांग रूम, कमीशनिंग, पार्टी मिलान आदि का जायजा लिया।

# रिसर्च स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला को लेकर प्रो. डॉ एम आई रहमान ने किया बैठक, बताया मिली विश्वविद्यालय से प्रशासनिक अनुमति

**बी एन एम यू के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में छह दिवसीय कार्यशाला 20 से 25 मई तक**

लोक तंत्र की आवाज़



डा. रूद्र किंकर वर्मा

**मधेपुरा।** स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में छह दिवसीय कार्यशाला के आयोजन को लेकर विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ एम आई रहमान की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित हुए। डॉ एम आई रहमान ने सदस्यों को बताया कि छह दिवसीय कार्यशाला के आयोजन करने की प्रशासनिक अनुमति विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त हो गई है। यह कार्यशाला ₹रिसर्च स्किल डेवलपमेंट₹ शीर्षक से आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्राओं को आधुनिक शोध प्रणालियों से अवगत कराना और उन्हें सक्षम बनाना है।

प्रो रहमान ने माननीय कुलपति प्रो. डॉ. विमलेंदु शेखर झा महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सदस्यों को बताया कि यह मनोविज्ञान विभाग के लिए हर्ष की बात है कि विभाग को छह दिवसीय कार्यशाला के आयोजन कराने का सुअवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के अन्तर्गत शोधार्थियों में शोध कौशल का विकास करना हम शिक्षकों की जिम्मेवारी है। हमारे छात्र शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ें और समाज उपयोगी शोध के क्षेत्र में कार्य करें यही हम सभों की मंशा है। प्रायः यह देखने में आता है कि शोधार्थियों को सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाने के कारण उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों से जूझना पड़ जाता है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यही होगा कि शोधार्थियों को शोध के सभी आयाम की जानकारी दी जाए और उन्हें प्रशिक्षित किया जाए।

इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला द्वारा वैज्ञानिक समस्या की रचना, शोध हेतु सिनॉप्सिस लेखन, शोध पत्र लेखन, व्यवस्थित रूप से शोध साहित्य का अवलोकन, पीएच. डी थीसिस लेखन, शोध पत्र प्रकाशन हेतु शोध जर्नल्स का चयन, एसपीएसएस सॉफ्टवेयर द्वारा डाटा विश्लेषण, प्लेजियारिम एवम् प्लेजियाराइज्म की जांच, शोध कार्य को पॉवरपॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत करना, यूजीसी द्वारा निर्गत पी एच डी रेगुलेशंस, बिहार के विश्वविद्यालयों में लागू रेगुलेशंस एवम् प्लागियाराइज्म से संबंधित यूजीसी का रेगुलेशंस आदि पर शोधार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रो रहमान ने यह भी बताया कि आयोजित होने वाली कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ बिहार की विभिन्न यूनिवर्सिटियों जैसे एल एन एम यू दरभंगा, बी आर ए बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर, टी एम भागलपुर विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय एवम् बिहार राज्य के बाहर के विश्वविद्यालयों से भी विशेषज्ञ को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में एकेडमिक एडवाइजरी कमेटी का गठन किया गया जिसमें प्रो अशोक कुमार संकायाध्यक्ष सामाजिक संकाय, प्रो राजीव मल्लिक संकायाध्यक्ष मानविकी संकाय, प्रो अशोक कुमार संकायाध्क्ष वाणिज्य संकाय एवम् प्रो अरुण कुमार संकायाध्यक्ष विज्ञान संकाय के साथ ही साथ प्रो नवीन कुमार अध्यक्ष छात्र कल्याण और प्रो नरेश कुमार अध्यक्ष आई के यू ए सी बीएनएमयू को माननीय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

कार्यशाला के लिए ऑर्गनाइजिंग कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें विभाग के शोधार्थियों एवम् छात्रों को सम्मिलित किया गया है। कार्यशाला के संरक्षक प्रो डॉ विमलेंदु शेखर झा माननीय कुलपति बीएनएमयू होंगे। डॉ एम आई रहमान को कार्यशाला का निदेशक, डा आनंद कुमार सिंह संयोजक सचिव एवम् डा सिकंदर कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यशाला का आयोजन 20 मई से 25 मई तक होगा। पंजीयन हेतु डा. सिकंदर कुमार स्नातकोत्तर मनोविज्ञान बीएनएमयू से संपर्क किया जा सकता है।

# नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ेंगे जेपी यूनिवर्सिटी के छात्र: कुलपति



लोकतंत्र की आवाज

- नंदलाल सिंह महाविद्यालय जैतपुर का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

**छपरा (प्रो एके सिंह सेंगर)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय और क्षेत्रान्तर्गत माहाविद्यालयों के सभी छात्र–छात्राओं को 15 दिनों के अंदर नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से जोड़ दिया जाएगा। इससे जयप्रकाश विश्वविद्यालय के छात्र देश के बड़े–बड़े पुस्तकालयों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ जाएंगे और वहां उपलब्ध पुस्तकों का वर्चुअल अध्ययन कर सकेंगे। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने नंदलाल सिंह कॉलेज, जैतपुर–दाउदपुर के औचक निरीक्षण के दौरान यह बात कही। कुलपति ने महाविद्यालय में भ्रमण कर महाविद्यालय के संसाधनों व आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नंदलाल सिंह महाविद्यालय में काफी संसाधन और आधारभूत संरचना है। जिसका लाभ नैक मूल्यांकन के दौरान कॉलेज को होगा। उन्होंने कहा कि यहां इतने संसाधन उपलब्ध हैं, जिनकी बदौलत महाविद्यालय को नैक से ग्रेड 'ए' का मूल्यांकन प्राप्त हो सकता है।

नंदलाल सिंह कॉलेज में 13 वर्गकक्ष, 4 बड़े हॉल तथा 9 छोटे–छोटे हॉल उपलब्ध हैं। साथ ही आम के बड़े–बड़े फलदार वृक्ष भी हैं। कुलपति महोदय ने निर्देश दिया कि यहां फूड प्रोसेसिंग से संबंधित पाठ्यक्रम चलाए जाएं तथा इससे संबंधित अन्य लाभकारी कार्य किए जाएं। महाविद्यालय में प्राचार्य सहित 14 प्राध्यापक तथा 7 अतिथि प्राध्यापक हैं। कुलपति ने कहा कि छात्र–छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए तथा जिन महाविद्यालयों में संसाधन उपलब्ध हों ऐसे महाविद्यालयों में प्रोफेशनल कोर्स प्रारंभ किए जाने चाहिए।

इससे पहले कुलपति ने नंदलाल सिंह कॉलेज के वर्ग कक्षों, पुस्तकालय व प्रयोगशाला का निरीक्षण किए ।उन्होंने प्रयोगशाला व पुस्तकालय को और सुदृढ करने तथा कक्षाओं में शिक्षकों और छात्र–छात्राओं की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश प्राचार्य डॉ केपी श्रीवास्तव को दिया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद व विश्वविद्यालय के इंजीनियर प्रमोद कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# पतरघट पुलिस के द्वारा बिभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**पतरघट सहरसा संवाददाता।** मधेपुरा लोकसभा का तिर्तय चरण में होने वाली निवर्याचन के लिए प्रशासन स्तर से कार्रवाई जारी एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहे हैं शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों ने, प्रखंड क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते भौतिक सत्यापन किया। थाना अध्यक्ष पुनि अजय कुमार पासवान ने कहा अर्द्ध सैनिक बलों के साथ पतरघट थाना से पुअनि कमलेश कुमार सिंह, पुअनि बरूण कुमार शर्मा, पस्तपार प्रभारी पुअनि पंकज कुमार यादव ने ग्यारहों पंचायत के कई मतदान केन्द्रों पर पहुंच कर जायजा लिया। तथा भयमुक्त एवं निष्पक्ष मतदान के लिए विधि–व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्र भ्रमण किया।

# अजय निषाद को जिताने में गठबंधन के सभी कार्यकर्ता लगेंगे

लोकतंत्र की आवाज




- भारी उत्साह के साथ हुआ कुढ़नी में इंडिया गठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन

दीपक कुमार

**गायघाट।** मुजफ्फरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद के पक्ष में शनिवार इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों का कुढ़नी क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन चंद्रहट्टी में अकराहां पुल के निकट रिसोर्ट में बहुत ही उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। सभी वक्ताओं ने एकस्वर में इंडिया गठबंधन को जिताने के लिए जी–जान से लगने का संकल्प व्यक्त किया। अपने संबोधन में कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद ने गठबंधन के सभी नेताओं और पदाधिकारियों का आभार जताया और कहा कि अपनी ऊर्जा बनाए रखें, इसी ऊर्जा से हम चुनाव जितेंगे।

राजद के कुढ़नी प्रखंड अध्यक्ष मो खुर्शीद आलम जी की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में प्रमुख रूप से गायघाट विधायक निरंजन राय , कुढ़नी पूर्व विधायक अनिल साहनी , छात्र आरजेडी नेता चंदन यादव जी , हिंदू कॉलेज ( दिल्ली विश्विधालय ) के प्रॉफ़ेसर रतन लाल,जितेन्द्र सहनी जी, राजद किसान प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष विश्वनाथ जी, कांग्रेस के कुढ़नी प्रखंड प्रवक्ता श्यामकिशोर सिंह जी, राजद एससीएसटी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज राम जी, राजद प्रवक्ता मो इकबाल शमी जी, वीआईपी के कुढ़नी प्रखंड अध्यक्ष संतोष निषाद जी, राजद के कुढ़नी प्रखंड उपाध्यक्ष नागेन्द्र राम जी, राजद के जिला प्रधान सचिव सुधीर यादव जी, राजद के कुढ़नी प्रखंड महासचिव रवि यादव जी, धानन हरिशंकर पूर्वी के मुखिया शिवमंगल सहनी जी, राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अरविन्द सहनी जी, वीआईपी के नीलम कुमार जी ( पूर्व प्रत्याशी कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र), सीपीआई के चन्देश्वर चौधरी जी, अजित कुमार चौधरी जी, नवीन झा जी, भाकपा माले के मुन्ना कुरैशी, प्रदीप मांझी, गुड्डु मांझी ने ओजपूर्ण तरीके से गठबंधन के पक्ष में काम करने व वोट डालने का आह्वान किया।

# चुनाव के कारण चेकिंग अभियान में डेढ़ लाख से अधिक राशि की गई जब्त

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु जिला अंतर्गत चारों विधानसभा में विभिन्न चेक पोस्ट पर कार्यरत स्थैतिक जांच टीम के द्वारा 24 घंटे सघन जांच किया जा रहा है। वही उड़न दस्ता दल के द्वारा सभी संदिग्ध स्थलों पर सूचना मिलते ही जाकर जब्ती की कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में सिमरी बख्तियारपउर के गोरा पुल के पास विशेष वाहन चेकिंग अभियान के द्वारा सुरेंद्र कुमार शाह पिता अशोक शाह जिला मधुबनी के पास कुल एक लाख 59 हजार सात सौ रुपए पाया गया। जब्त राशि के विरुद्ध कोई भी प्रमाणिक प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में स्टैटिक जांच दल के द्वारा उड़दस्ता दल के माध्यम से संबंधित थाना प्रभारी के द्वारा राशि की जब्ती की कार्यवाही की गई।

व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि एफ एसटी दल के दंडाधिकारी शुभम वर्मा द्वारा राशि की जब्ती कर सिमरीबख्तियारपुर थाना में जमा करवाई गई। इसी के साथ आगामी दिनों में पूरे जिले को हाई एलर्ट पर रखा गया है। किसी भी परिस्थिति में मतदान को अप्रभावित रखा जाएगा। वही निष्पक्ष एवं सफल मतदान सुनिश्चित किया जाएगा।

# कॉनसम समूह के निदेशक सह सीईओ समर गोयल ने वोटरों से किया मतदान करने की अपील

लोक तंत्र की आवाज

**फारबिसगंज।** कॉनसम समूह के निदेशक सह सीईओ समर गोयल ने वोटरों से मतदान करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि मतदान एक ऐसा अधिकार जो हर वर्ग, समाज, गरीब एवं अमीर सबके लिए समान है। हम सभी को इसकी गरिमा को समझते हुए अपने मताधिकार का उपयोग कर राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना मत का प्रयोग आवश्यक रूप से करनी चाहिए. कॉनसम समूह के निदेशक सह सीईओ समर गोयल अपने सभी किसान भाइयों एवं इंटरनेट के सम्मानित ग्राहकों से अपील करती है कि अपना मत अधिकार का अवश्य प्रयोग करें। सामाजिक सरोकारों को बखूबी निभाते आ रहे कॉनसम समूह के निदेशक ने पहले एवम दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव में हुए कम वोटिंग पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है, हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए बिना किसी डर और लालच के मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मतदान अवश्य करने की अपील की है। उन्होंने मतदाताओं से हितों को ना देखते हुए एक अच्छे ईमानदार और अपने क्षेत्र के विकास करने वाले उम्मीदवार को ही वोट देने का आग्रह किया है। बोले, युवा पीढ़ी को खासकर आगे आकर अपने अच्छे भविष्य के लिए वोट जरूर करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती मतदान ही हैं। मतदान करना बहुत जरूरी है। कई लोग यह सोचकर वोट डालने से गुरेज कर जाते हैं कि हमें चुनाव से क्या लेना देना है। लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। मतदान में हमें पूरी दिलचस्पी दिखानी चाहिए। सौ प्रतिशत मतदान होना चाहिए। हर वोटर का एक–एक वोट काफी अहमियत रखता है। इसलिए भूलना नहीं है और पूरे दिन में कभी भी समय निकालकर मतदान करने के लिए जरूर जाएं। अगर हम अपने मत का प्रयोग ईमानदारी और निडरता के साथ करेंगे, तो ही लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रख सकते हैं।




# सहरसा में एम्स निर्माण मांग के लिए अब विशेष अनुमति याचिका सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** कोशी प्रक्षेत्र के लाखों लोगों के सम्पूर्ण स्वास्थ्य के रक्षार्थ कोशी में लाखों रोजगार एवं चहुंमुखी विकास हेतु लगभग 10 वर्षों से सहरसा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की मांग हेतु आजतक संघर्ष जारी है। सहरसा में एम्स निर्माण मांग हेतु अब विशेष अनुमति याचिका संख्या 810/2024 के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में कोशी विकास संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष विनोद कुमार झा एवं प्रधान संरक्षक प्रवीण आनंद द्वारा याचिका दाखिल कर न्यायालय से एम्स सहरसा का गुहार लगाया गया है।

विद्वान सीनियर अधिवक्ता रतन कुमार सिंह एवं अन्य सीनियर अधिवक्ता के एम्स सहरसा की आवश्यकता पर विधिसंगत न्यायसंगत बहस को सुनने के उपरान्त न्यायालय ने सहरसा की याचिका को प्रस्वीकृत कर आदेश दिया है कि केन्द्र और बिहार सरकार बतावें कि एम्स हेतु उपयुक्त भूमि कहां है। जिसमें बिहार सरकार की ओर से काउन्टर एफिडेविट के साथ जबाब दिया गया कि सह– रसा जिलाधिकारी द्वारा 217 एकड 74 डिसमिल सही में दिया गया है। जबकि केन्द्र सरकार की ओर से अभी तक वकालतनामा हीं दाखिल किया गया है। अभी तक याचिका का जबाब नही दिया गया है। केन्द्र को छ मई तक जबाब देना है और इसका प्रत्युत्तर फिर आवेदक के विद्वान अधिवक्ता देंगे।

एम्स सह– रसा हेतु देश की सबसे बड़ी अदालत से शुभ सूचना आने की उम्मीद में विनोद झा एवं प्रवीण आनंद के साथ सम्पूर्ण कोशी वासियों का साथ है। पिछले दिनों कटिहार टॉउन हॉल में विनोद झा एवं प्रवीण आनंद को कोशी के गौरव से सर्वोदय समाज द्वारा सम्मानित किया जाना संघर्षशील साथियों में एक बहुत बड़ा मैसेज गया है। बडे बडे राजनीति करने वाले ऐसे महानुभाव अब इनके एम्स की मांग को अपने मेनीफेस्टो में जोड़ने हेतु विज्ञापन निकाल रहे हैं। अगर सर्वोच्च न्यायालय से एम्स सहरसा के पक्ष में अंतिम आदेश आता है तो सचमुच कोशी प्रक्षेत्र के लोगों का कायाकल्प हो जाएगा। साथ ही निःसंदेह स्वच्छ स्वस्थ सुन्दर और विकसित कोशी होने मे विलंब नहीं होगा।

# अररिया लोसः अपने शहंशाह शाहनवाज की जीत के लिए चुनावी समर डटी हुई है जोधा गजाला नवाज

लोक तंत्र की आवाज



- सीमांचल के गांधी मरहूम तस्लीम की बहु गजाला नवाज को मतदाताओं का मिल रहा है जबरदस्त रिस्पांस

**अररिया।** तीसरे चरण में अररिया संसदीय सीट का हो रहे आम चुनाव में जहां विभिन्न प्रत्याशियों ने प्रचार प्रसार,जनसंपर्क में ताकत झोंक दी है वहीं क्षेत्र भ्रमण के दौरान चर्चित राजनेता सीमांचल के गांधी पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मरहूम तस्लीम साहब की सबसे छोटी बहु सह पूर्व मंत्री एवम हॉट सीट अररिया लोकसभा क्षेत्र के युवा राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम की धर्म पत्नी गजाला नवाज अपने जलाल शहंशाह की जीत के लिए चुनावी अखाड़े में कूद प्रचार प्रसार में डटी दिख रही है।

बड़े राजनीतिक घराने से आने वाली गजाला नवाज महिलाओं के टोली के साथ खेत खलिहान में काम कर रहे लोगों से भेंट कर रही है और कह रही है तीसरे नंबर पर है उनका लालटेन, बस बटन दबाना है। सात मई को पहले मतदान कर लें फिर जलपान करें। किसी के बहकावे में नहीं आना है, अररिया से शाहनवाज को जिताना है। वो जीतेंगे तो सीमांचल के गांधी मरहूम तस्लीम बाबूजी के अधूरे सपनों को साकार करेंगे।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्हें रामपुर पंचायत, मानिकपुर पंचायत अररिया बस्ती गोपालनगर, मालद्वार, मरियतोल, अररबारी, काचमोह, कोढ़ैली आदि जगहों पर जन संपर्क अभियान के दौरान देखा गया। लोग कह रहे थे कि इनकी जज्बा को सलाम। अपने पति के चुनावी निशान लालटेन छाप को भारी मतों से विजयी बनाने कि अपील भी की। जन संपर्क अभियान में राजद प्रत्याशी शाहनवाज धर्म पत्नी गजाला नवाज का महिलाओं ने उत्साहवर्धन किया और तेजस्वी शाहनवाज के नारे भी लगे।क्षेत्र में मिल रहे जबरदस्त रिस्पांस से वो गदगद दिखी।

## संक्षिप्त खबरें ।

## होम वोटिंग के तहत तीन दिनों में घर बैठे कुल 333 मतदाताओं ने डाला वोट



**लोक तंत्र की आवाज**
**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू ।** पलामू लोकसभा सीट के लिए 2 मई से ही वोट फ्रॉम होम की सुविधा शुरू कर दी गयी है।इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर रहे हैं।पलामू जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के कुल 478 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान करवाया जाना है।इसी क्रम में आज कुल 99 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान कराया गया।पोलिंग टीम पूरे दल बल के साथ उनके घर पर पहुंची और मतदान करवाया।आज कुल 13 मार्गों पर टीम ने मतदान करवाया जिसमें 72 मतदाता 85 वर्ष के उपर थे जबकि 27 दिव्यांग मतदाता शामिल थे।इसके पूर्व दिनांक 3 मई को 110 मतदाताओं से उनके घर पर ही वोट कराया गया इसमें 68 मतदाता 85 वर्ष के उपर के ऐज के थे वहीं 42 दिव्यांग मतदाता थे।इसके पूर्व होम वोटिंग के पहले दिन कुल 124 वोटरों से उनके घर पर ही मतदान करवाया गया था,बता दें कि जो वोटर चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वो वोट डालने के लिये पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते,उनके लिये घर पर ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है।यह अभियान 2 मई से 7 मई तक चलाया जायेगा वहीं जो मतदाता इस दौरान छूट जायेंगे उनसे दोबारा 9 व 10 मई को मतदान करवाया जायेगा।

## संकुल स्तर पर शिक्षकों की बैठक हुई संपन्न



**लोकतंत्र की आवाज़**
**निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ**

**गिद्धौर(चतरा) ।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर में संकुल स्तर पर शिक्षको की बैठक हुई।बैठक का नेतृत्व सीआरपी शम्भू कुमार पांडेय, प्रेमचंद कुमार साव ने किया।शिक्षको को बैठक में कई जानकारी दिए गए।साथ ही रिपोर्ट जमा करने को कहा गया। साथ ही विद्यालय में शिक्षक बच्चों की उपस्थित ई विद्यावाहिनी में इंट्री करने,मध्यान भोजन का एसएमएस करने,रेल प्रोजेक्ट,प्रयास के कार्यक्रम करने की बात कही गई। विद्यालय में खरीदी गई खेल सामग्री तथा बर्तन आदि का रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया।06 मई को विद्यालयों में पीटीएम की बैठक करके मतदान के प्रति लोगो को प्रेरित करने को कहा गया।बैठक में सीआरसी क्षेत्र के गणेश्वर उरांव,बीरेंद्र यादव,पंकज कुमार सिन्हा,श्रवण कुमार दांगी,हेमन यादव सहित कई शिक्षज उपस्थित थे।

# पलामू के तीन केंद्रों पर 5 मई को 1552 परीक्षार्थी देंगे नीट की प्रवेश परीक्षा

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू ।** 5 मई 2024 को पलामू जिले के तीन केंद्रों पर देश की अति प्रतिष्ठित परीक्षा नीट ( यू.जी. ) 2024 की प्रवेश परीक्षा आयोजित है । यह परीक्षा एन.टी.ए. जोकि एक स्वायत्त शासी संस्था है, जो भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के अधीन है आयोजित कर रही है ।एन.टी.ए. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर 2019 से पूरे देश में नीट (यू.जी.) की परीक्षा आयोजित करती आ रही है । यह परीक्षा पलामू में तीसरी बार आयोजित हो रही है।

इस बार यहां तीन केंद्र बने हैं । एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर , ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बाईपास रोड रेड़मा को केंद्र बनाया गया है। इन तीनों केंद्रों के सिटी कोऑर्डिनेटर, एम.के.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन खान को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त हर केंद्र पर केंद्राधीक्षक , पर्यवेक्षक, वीक्षकों के रूप में 140 लोगों को तैनात किया गया है। इनके साथ-साथ सहयोगी कर्मचारियों को ऑनलाइन / ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है एवं परीक्षा संचालन का पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है । हर परीक्षा केंद्र पर एन.टी.ए. द्वारा सी.सी.टी.वी कैमरे एवं जैमर भी लगाए जा चुके हैं। हर केंद्र पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय एन.टी.ए द्वारा गठित फ्रिस्किंग टीम उनकी शारीरिक जांच करेगी। इस दल में पुरुष और स्त्री दोनों सदस्य सम्मिलित हैं। परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर से भी गुजरना होगा। उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी तथा अभिलेख सत्यापन भी किया जाएगा,




**आवश्यक अभिलेखः** पोस्टकार्ड साइज फोटो लगा एन.टी.ए द्वारा जारी प्रवेश पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, भारत सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र जैसे - आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट इत्यादि। तत्पश्चात परीक्षार्थी अपने निर्धारित कक्षा -कक्ष में जा सकेंगे।

**क्या है वर्जित :** किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट, स्मार्ट/ सामान्य घड़ी , पेन ड्राइव, स्कैनर, कैलकुलेटर ,माइक्रो फोन, पेजर किसी प्रकार का चिट पूर्जा, टेक्सुअल मटेरियल, ज्यामिति या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, स्केल, राइटिंग पैड, इरेज़र लौग- टेबल, ,हेल्थ बैंड, वॉलेट, प्लास्टिक आई कार्ड इत्यादि। किसी प्रकार का आभूषण जैसे ईयररिंग, नोज पिन, ब्रेसलेट, चैन, नेकलेस,बैज, ब्रोच इत्यादि लाना वर्जित है।

**ये लाना आवश्यक हैः** प्रवेश पत्र,पानी का पारदर्शी बोतल, अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि,दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए सिविल सर्जन / मुख्य चिकित्सा अधिकारी / चिकित्सा अधीक्षक द्वारा निर्गत पी.डब्लयू.डी. सर्टिफिकेट लाना है । इन्हें परीक्षा अवधि में एक घंटा 5 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा।

**तीनों केंद्रों पर परीक्षार्थी संख्या :** एम.के. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज केंद्र पर कुल 928, रोटरी स्कूल चैनपुर पर 312 और ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बायपास रोड रेड़मा पर 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

**आज की प्रशासनिक व्यवस्था :** पलामू जिले के सिटी कोऑर्डिनेटर सह एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने बताया कि एन.टी.ए द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में उपायुक्त महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू से परीक्षा केंद्रों पर कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सहयोग करने का आग्रह किया गया है । इन केंद्रों पर एस.डी.एम महोदय से दंडाधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया गया है। केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी, जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे।

**परीक्षार्थियों को केंद्र पर उपलब्ध सुविधाएं:** हर केंद्र पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, ब्लैक बॉल प्वाइंट पेन उपलब्ध होगी । जूते वर्जित होंगे। परीक्षार्थी चप्पलों का उपयोग कर सकते हैं, जिससे यह परीक्षा कदाचार मुक्त, तनाव रहित वातावरण में संपन्न हो सके। पलामू जिले के एन.टी.ए के सिटी कोऑर्डिनेटर सह एम.के. डी.ए. वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लीगल लिटरेसी क्लास का किया गया आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**
**मामलोत सेख**

**साहिबगंज ।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार,रांची के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के अध्यक्ष- सह- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के तत्वाधान में आज यू०यू० कन्या उच्च विद्यालय, साहेबगंज में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया गया` कार्यक्रम में उपस्थित बच्चियों को हमारे देश के संविधान एवं बाल विवाह, डायन प्रथा, मौलिक अधिकार और ईव-टीज़िंग (महिलाओं के साथ छेड़छाड़) व अन्य कानूनों के बारे में जानकारी दी गई` उनलोगों को यह भी बताया गया कि अगर आपके आसपास में बाल विवाह होता है,

किसी तरह का मौलिक अधिकार का हनन होता है तो इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दें` झारखण्ड लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, रांची द्वारा लाँच कि गई गर्भवती महिला कैदियों के लिए कानूनी सहायता के बारे में कानूनी जानकारी भी प्रदान कि गई कि जिसमें उनके स्वस्थ्य देखभाल, पोषण ओय उनके कानूनी अधिकार के बारे में बताया गया।प्राधिकार से सचिव- सह - वरीय सिविल जज बिश्वनाथ भगत ने बताया गया कि बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का कानूनी प्रावधान है।पीड़ितों को न्याय दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साहेबगंज हर कानूनी मदद देता है ।

## पुलिस ने दो ओभर लोड ट्रैक्टर को पकड़ा




**लोकतंत्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय, पीरपैंती ।** पुलिस sdpo2 के नेतृत्व में पीरपैंती के पड़ोसी गांव में दो ओवर लोड ट्रैक्टर को पकड़ कर के थाना को सुपुर्द कर दिया ।वहीं दूसरी और इशीपुर थाना के बाराहाट गांव के शीतल पुर गांव में भी दो ओवरलोड ट्रैक्टर को पकड़ा ।वाहन मालिक के द्वारा उचित पेपर ना दिखाए जाने पर ओवरलोड ट्रैक्टर को इशीपुर थाना को अग्रतार कार्रवाई के लिए भेज दिया।

## तृतीय चरण के चुनाव प्रशिक्षण की तैयारी पूरी, प्रशिक्षक हुए अपडेट

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू ।** निष्पक्ष व त्रुटि रहित मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन के आदेशानुसार मतदानकर्मियों को तृतीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिनांक 03 मई 2024 से 06 मई 2024 तक हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में दिया जाना निर्धारित है।

साथ ही दिनांक 03 मई 2024 को गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में सूक्ष्म प्रेक्षकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसकी सफलता के लिए समाहरणालय के डीआरडीए ब्लॉक 'सी' सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों एवं जिला प्रशिक्षकों के लिए अभ्यास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इसमें जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह ,अमरेन्द्र पाठक, प्रधान सहायक रामलखन राम, सौरभ कुमार सिन्हा व दिनेश चंद्र राम के द्वारा मास्टर प्रशिक्षकों को अपडेट किया गया। प्रशिक्षण में शंकाओं का समाधान किया गया तथा प्रशिक्षण की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सेल के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद ने प्रशिक्षण में कोई कमी नहीं छोड़ने का निर्देश दिया है। हर तरह से प्रशासन कर्मियों को ट्रेनिंग दे रही है।




# लोस चुनावः इटखोरी साल्वे बूथ 209 के नोडल पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता को लेकर बीएजी के साथ की बैठक, दिये गये कई सुझाव

**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ**
**इटखोरी(चतरा) ।** जिले के जिन बूथों पर पूर्व में चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत कम देखा गया है, उस बूथ पर अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए कुल 50 ऐसे बूथों को चिह्नित किया गया है और मतदाता जागरूकता के लिए प्रत्येक बूथ के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं जो अलग-अलग दिनों में तीन बार बूथ का दौरा करेंगे और बूथ जागरूकता टीम के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चला कर कम मतदान प्रतिशत के कारणों की जानकारी लेंगे.

इसी उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत इटखोरी प्रखंड के साल्वे बूथ संख्या 209 मतदान केंद्र पहुंच बूथ जागरूकता टीम के साथ बैठक कर वर्तमान में कितने मतदाता हैं और मतदान प्रतिशत कम है, इसके कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी, साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर मतदाताओं से विचार-विमर्श और सुझाव भी लिये गये.उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान बूथ संख्या 209 पर कुल 41 फीसदी वोटिंग हुई थी. अधिक मतदान हो, इसके लिए बूथ अवेयरनेस टीम के साथ मतदाताओं की बैठक की गयी. इस दौरान बीडीओ सोमनाथ बांकिरा, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सेवक,शिक्षक समेत ग्रामीण मौजूद थे।



## यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जाएगी राँची-नई दिल्ली के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**
**पलामू ।** यात्री सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु राँची- नई दिल्ली के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी ।

1. गाड़ी संख्या 02877/ 02878 राँची- नई दिल्ली - राँची समर स्पेशल ( मुरी- बरकाकाना- टोरी- लातेहार- डाल्टनगंज- गढ़वा रोड- जपला- सासाराम- डीडीयू- प्रयागराज- कानपुर के रास्ते ):-

2.गाड़ी संख्या 02877 राँची- नई दिल्ली समर स्पेशल दिनांक 10.05.2024 से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को राँची से 23.55 बजे खुलकर शनिवार को 02.40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहाँ से 02.45 बजे आगे के प्रस्थान करेगी,



03.53 बजे टोरी पहुंचेगी और यहाँ से 03.55 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 04.20 बजे लातेहार पहुंचेगी और यहाँ से 04.22 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 05.13 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहाँ से 05.15 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 06.00 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी और यहाँ से 06.05 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं शनिवार को ही 22.20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी क

3.गाड़ी संख्या 02878 नई दिल्ली झ राँची समर स्पेशल दिनांक 11.05.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को नई दिल्ली से 23.45 बजे खुलकर रविवार को 17.08 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी और यहाँ से 17.10 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 17.40 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहाँ से 17.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 18.40 बजे लातेहार पहुंचेगी और यहाँ से 18.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 19.10 बजे टोरी पहुंचेगी और यहाँ से 19.12 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 21.25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहाँ से 21.30 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं सोमवार को 00.15 बजे राँची पहुंचेगी,इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 18 कोच होंगे,

## बहुजन समाज पार्टी गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उछाल लगाने को तैयार

**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड ।** हम सबों की डोर ऊपर वाले के उंगलियों से बंधी होती है ,उस हजार हाथ वाले के पास सबका हिसाब रहता है, कब किसकी डोर खींच दें कब किसकी डोर डीली कर दें वह ही जाने जी हां चुनाव प्रत्याशी मतदान मतगणना बहुत पेच है ,हर कोई उस बेचारी पर दावा करता है जिसका नाम जनता है और यह जनता सब कुछ जानती है

इसी जनता के बीच से निकले श्री सीतन रविदास जी हैं जिन्होंने 03.05. 2024 को कोडरमा लोकसभा से बहुजन समाज पार्टी के तरफ से गिरिडीह समाहरणालय में अपना पर्चा दाखिल किया। श्री सीतन रविदास अपने दल बल एवं हूजुम के साथ-साथ प्रदेश प्रभारी रामबाबू चिरगैया, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार दास, जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, जिला महासचिव राजकिशोर दीनदयाल, जिला प्रभारी ईश्वर दास, दिनेश रविदास ,शौकत अंसारी ,सुरेश दास ,रोहित दास ,वासुदेव दास, बसंत दास, इत्यादि की उपस्थिति अनुकरणीय रही। जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान।मोल करो तलवार का पड़ा रहने दो म्यान।



## महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जमुनिया पंचायत में चलाया जनसंपर्क अभियान

**लोक तंत्र की आवाज**

**मोहनपुर।** महागठबंधन के घटक दलों के कार्यकर्ताओं के द्वारा सघन रूप से माहागठबंधन के उम्मीदवार माननीय प्रदीप यादव के पक्ष में प्रचार प्रसार किया और लोगों को यह जानकारी दी गई कि यदि आप अपना वोट देकर महागठबंधन की सरकार बनाते हैं, प्रदीप यादव को दिल्ली भेजने का काम करते हैं तो कांग्रेस के मैनिफेस्टो तहत हर परिवार के महिला को हर साल ?100000 सरकार देने की काम करेगी।

30 लाख युवाओं को रिक्त पद पर सरकारी नौकरी देने का काम करेगी। किसानों ऋण को माफ किया जाएगा। इसकी पूरी गारंटी है और आपकी हर छोटी बड़ी समस्याओं का निदान तुरंत किया जाएगा। शनिवार को प्रचार-प्रसार प्रखंड के जमुनिया पंचायत के जमुनिया, खुटा बांध, रोपणी ,खरवा, सिकटिया इत्यादि गांवों में किया गया तथा प्रदीप यादव के पक्ष में वोट मांगा।




**इंडिया महागठबंधन के प्रखंड संचालन समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजितः** जनसंपर्क के पश्चात देर शाम मोहनपुर हाट पर इंडिया महागठबंधन के प्रखंड संचालन समिति की एक समीक्षात्मक बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान संगठन कार्यों के साथ आगे की रणनीति पर चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिए गए। जनसंपर्क अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया । कार्यकर्ता केंद्र की मोदी सरकार के साथ 15 वर्षों से लगातार रहे लोकसभा स्थानीय सांसद झारखंड विरोधी नीतियो, जन विरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी आदि समस्याओं को लेकर घर-घर तक जाएं। जिला अध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि वर्तमान जो क्षेत्र की हालत है इससे स्पष्ट हो रहा है कि स्थानीय सांसद के खिलाफ आम जनता में काफी आक्रोश है। उनके चार चरित्र को लोगों ने समझ लिया है। गोड्डा लोकसभा इंडिया महागठबंधन के पक्ष में आने वाली है।

सभी एक जुटता के साथ लग जाने की जरूरत है। इस दौरान कांग्रेस जिला प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, झामुम प्रखंड अध्यक्ष सुनील मंडल, राजद प्रखंड अध्यक्ष रंजीत प्रधान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष हेमंत चौधरी, वरिष्ठ नेता भूतनाथ यादव मोहम्मद नौशाद श्रीकांत यादव, अरुण शर्मा, दिलीप यादव, गौतम तुरी,केदार कुमार दास, दिलीप कुमार, सत्यनारायण दास अरुण यादव दीप नारायण यादव विवेक झा रणधीर कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

# दस साल तो आपको मिला मोदी जी अब अच्छे दिन कब आएंगे: नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव

## किसी के बहकावे में न आना, चुपचाप लालटेन छाप पर बटन दबाकर शाहनवाज को जिताएं: तेजस्वी यादव

लोकतंत्र की आवाज



**नरपतगंज ।** राजद प्रत्याशी शाहनवाज के पक्ष में सूबे के पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी ने उमड़ती जन सैलाब को संबोधित करते हुए राजद प्रत्याशी शाहनवाज को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आज देश का सबसे बड़ा दुश्मन बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई है लेकिन प्रधानमंत्री महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं वे केवल हिंदू मुसलमान के बीच झगड़ा लगाकर दस वर्षों से राज करने का काम कर रहे हैं।

तेजस्वी प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठा प्रधानमंत्री करार दिया ।वहीं भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि 17 महीने के अपने कार्यकाल में उन्होंने 5 लाख सरकारी नौकरी देने का काम किया और यदि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो 15 अगस्त को देश में एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत पांच सौ रुपये करने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने, प्रति साल गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली बहनों को एक लाख रूपए का सहयोग देने की भी बात कही। उन्होंने आमजनों से संगठित होकर राजद प्रत्याशी के पक्ष में एकजुट होकर मतदान करने की अपील की।उमड़ती जन सैलाब से पूछ कर तेजस्वी ने शाहनवाज एवम सुपौल के राजद उम्मीदवार चौपाल को जीत का माला पहनाया ।

इस मौके पर मोदी जी के पूर्व में दिए गए भाषण के अंश को सुनाते हुए तेजस्वी ने चुटकी ली और कहा मोदी जी अब अच्छे दिन कब आएंगे, जनता ने दस साल आपको दिया और आपने जनता के लिए कुछ नहीं किया। इस मौके पर मंच पर आई एन डी आई ए के कई नेता सहित नरपतगंज के पूर्व विधायक अनिल यादव, पूर्व सांसद सुकदेव पासवान,प्रखंड प्रमुख नरपतगंज मनोज यादव,राजद के प्रदेश सचिव मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव,पूर्व विधायक दयानंद यादव के सुपुत्र सह युवा राजद के प्रदेश महासचिव डा. राकेश रोशन, महानंद विभु, जिला राजद अध्यक्ष मनीष यादव, महानंद विभु, मुखिया सह राजद नेता एकलव्य कुमार, राजद नेत्री लवली नबाब, कमाले हक सहित भारी संख्या में इंडी गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अब रातों में कार्यालय खुलेंगे सभी सरकारी कामकाज भी होंगे





लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)

**गिरिडीह झारखंड।** हम लोगों ने दशकों पहले एक गाना सुन रखा था की मुंबई से आया मेरा दोस्त, दोस्त को सलाम करो रात को खाओ पियो दिन को आराम करो। जी हां सलाम दिन को भी करना पड़ेगा क्योंकि अब दिन में सूर्य देवता की तपिश ऐसी बढ़ रही है जिसे देखकर बार–बार जहन में 1977 का यह गाना याद आ जाता है ।परंतु अब यह गाना किसी कोने से गलत साबित नहीं लगता अब आप ही बताओ अभी जब 40 डिग्री 42 डिग्री सेल्सियस में आपकी इतनी बुरी स्थिति हो गई है तो आने वाले समय में जब गर्मी का अंक 50 डिग्री सेल्सियस को छूएगा तब दिन में किसकी मजाल कि वह घर से बाहर निकले और जो जीव जंतु है वह बे –मौत मारे जाएंगे। और इन सब का जन्मदाता कर्म– दाता है मानव विश्व की सर्वश्रेष्ठ रचना ईश्वर की, अभी भी वक्त है हम सबों के पास सुधारने का वरना जो पाया है समय से पहले खो को देगा।

### महथाबा के दरबारी राय उच्च विद्यालय मैदान में नेता प्रति पक्ष तेजस्वी यादव का विशाल जनसभा आज: पूर्व विधायक अनिल यादव




लोकतंत्र की आवाज

**भरगामा/जोकीहाट ।** राष्ट्रीय जनता दल के अररिया लोकसभा के प्रत्याशी शाहनवाज के पक्ष में बिहार सरकार के पूर्व डिप्टी सीएम सह माननीय नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष सह सन ऑफ़ मल्लाह मुकेश सहनी , राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीक़ी भरगामा प्रखंड के महथाबा, दरबारी राय उच्च विद्यालय मैदान में दिनांक -05.05.2024 (रविवार) को 2बजे दोपहर विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए नरपतगंज विधानसभा के पूर्व विधायक अनिल कुमार यादव ने बताया कि आज हीं 05.05.2024 (रविवार) को हमारे नेता हेलीकॉप्टर से समयः 3:00 बजे दोपहर स्थानः हाई स्कूल मैदान, उदाहाट (जोकीहाट प्रखंड) में भी शाहनवाज जी के पक्ष में महती सभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने सभी से अनुरोध है कि हज़ारों की संख्या में सभा स्थल पर पहुँचकर अपने जनप्रिय नेता को सुनें और राज़द (इंडिया गठबंधन) को मज़बूत करें।

## एक ही लड़की को मानते थे महबूबा, 3 लड़को पर चढ़ा ऐसा खुमार, रच दिया खूनी खेल

लोकतंत्र की आवाज

**दिल्ली।** दिल्ली के ओखला विहार इंडस्ट्रियल एरिया से सनसनीखेज वारदात सामने आई है. जहां एक लड़की को महबूबा मान बैठे लड़कों में तकरार इतनी बढ़ गई कि उन्होंने खूनी खेल रच दिया. तीन दोस्तों की यह लड़ाई इतनी आगे बढ़ गई कि दो लड़कों ने मिलकर पहले 18 साल के एक लड़के को पार्क में बुलाया और फिर चाकुओं से गोदकर मौत के घाट उतार डाला।

मामला ओखला विहार पुलिस स्टेशन का है. पुलिस के मुताबिक 2 मई को शाम साढ़े पांच बजे के आसपास एक पीसीआर कॉल आई. जिसमें फोन करने वाले ने सूचना दी कि ओखला इलाके में एक 18–19 साल के लड़के को चोट लगी है और उसे अस्पताल पहुंचाना है. जब तक पुलिस वहां पहुंची 6 बजकर 22 मिनट पर एक ओर पीसीआर कॉल अपोलो अस्पताल से आई. अपोलो अस्पताल की ओर से बताया गया कि जेजे कैंप ओखला फेज टू से शिवम नाम का 18 वर्षीय मरीज घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया है. उसे आईसीयू में भर्ती कर दिया गया लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई.

दिल्ली पुलिस ने बताया कि पुलिस अपोलो अस्पताल पहुंचने के साथ ही क्राइम टीम और फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ मौका ए वारदात पर पहुंची और क्राइम सीन का निरीक्षण किया. जांच में पता चला कि मृतक जेजे कैंप के ही दो लड़कों एक नाबालिग और धर्मेंद्र के साथ सलोरा पार्क में गया था. करीब 5 बजे के आसपास मृतक पार्क से बाहर आ गया और जैसे ही अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा, अचानक नीचे फुटपाथ पर गिर गया. उसकी गर्दन से खून बहने लगा. यह देखकर एक व्यक्ति ने पीसीआर कॉल की थी और लोकल पुलिस वहां पहुंची।

## ऑटो रिक्शा महुआ के पेड़ में मारी जोरदार टक्कर,चालक व ऑटो रिक्शा पर सवार एक यात्री गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज



**निशांत तिवारी,जिला ब्यूरोचीफ**
**गिद्धौर(चतरा)।** थाना क्षेत्र के बघमरी मोड़ के समीप शुक्रवार की देर रात एक ऑटो रिक्शा महुआ के पेड़ में जा टकराया। जिसमें चालक व ऑटो रिक्शा पर सवार एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया। जहां से दोनों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग में रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि ऑटो रिक्शा राजपुर थाना क्षेत्र के चारू गांव निवासी गोविंद सोनी के पुत्र धीरज कुमार का है।

धीरज कुमार के ऑटो रिक्शा से उत्तर प्रदेश के मो.जान आलम हजारीबाग से फेरी का सामान लेकर लौट रहा था। इसी क्रम में बघमरी मोड़ के समय ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर महुआ के पेड़ में जा टकराया। जिससे मो. जान आलम को गंभीर रूप से चोट लगी है। बताया जाता है कि मो. जान आलम का पैर व हाथ, टूट गया। जबकि एक आंख पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।वहीं धीरज कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

जबकि ऑटो रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि ऑटोरिक्शा चालक एवं उस पर बैठे व्यक्ति शराब के नशे में धुत्त थे।इसी कारण दुर्घटना घटी।

## एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह नव मतदाताओं से वोट करने की अपील की





लोकतंत्र की आवाज

**अररिया।** अररिया नगर में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने शंखनाद कार्यक्रम के बैनर तले नव मतदाता अभियान कार्यक्रम मे शामिल होकर नए मतदाताओं से वोट करने की अपील की है। प्रदीप कुमार सिंह ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के निर्माण में युवा का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसबार भी काफी संख्या में हमारे अररिया में युवा - युवती फर्स्ट टाइम वोट डालने जाएंगे। इन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मोदी जी के नेतृत्व में देश का पूरे विश्व में अलग ख्याति मिली है इससे सारे युवा जागरूक है। प्रदीप कुमार सिंह ने पूरे अररिया के युवा मतदाता से इस लोकतंत्र के पर्व का भागीदार बनते हुए नव मतदाता से वोट डालने की अपील की।

## फारबिसगंज में एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के रोड शो, उमड़ा जनसैलाब

लोकतंत्र की आवाज



**अररिया।** अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया। उन्होंने ढोलबज्जा से शुरू रोड शो टिकुलिया चौक पर जाकर सम्पन्न किया। इस दौरान काफी संख्या में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रदीप कुमार सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ फारबिसगंज विधानसभा अंतर्गत ढोलबज्जा से फारबिसगंज कॉलेज चौक होते हुए पटेल चौक, सदर रोड होते हुए सुभाष चौक बथनाहा, जोगबनी मार्केट, जोगबनी स्टेशन से टिकुलिया चौक पर जाकर रोड शो को सम्पन्न किया।

इस रोड शो के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदीप कुमार सिंह के इस रोड शो में शामिल हुए। इस दौरान जगह जगह बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग, किसान और महिलाएं इस रोड शो में शामिल होते चले गए और यह रोड शो बहुत ही तेजी से जनसैलाब का रूप ले लिया। रोड शो में शामिल लोगों ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद , प्रदीप कुमार सिंह जिंदाबाद के नारे के साथ सभी का ध्यान अपने तरफ केंद्रित कर लिया। रोड शो के दौरान उपस्थित समर्थकों ने कहा कि अररिया में प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में बहुत विकास के कार्य हुए है। सड़क निर्माण, रेल परियोजनाओं का काम, हर घर शौचालय, पीएम आवास योजना के तहत पक्के मकान समेत अनेकों लाभ अररिया के लोगों को मिला है। उपस्थित युवाओं ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कहा कि अररिया में हमलोगों के लिए प्रदीप कुमार सिंह से अच्छा कोई विकल्प नही है।

प्रदीप कुमार सिंह ने अपने रोड शो के दौरान कहा कि यह जनसैलाब मुझे आश्वस्त कर रहा हैं की इसबार फिर तीसरी बार मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने को लेकर उत्साहित है। अररिया मेरा घर है और यहां के लोग मेरे परिवार के सदस्य है। यहां के लोगों ने मेरे कामों को देखा है। मैं सेवा करने के लिए राजनीति में आया हूं और मेरे एक ही लक्ष्य हैं समृद्ध, खुशहाल और विकसित अररिया बनाना। प्रदीप कुमार सिंह के इस रोड शो में फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी,पूर्णिया विधायक विजय खेमका समेत समेत सैकड़ों समर्थक एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। अपने इस रोड शो के दौरान जगह जगह उपस्थित लोगों का प्रदीप कुमार सिंह ने अभिवादन किया।

> अररिया मेरा घर है और यहां के लोग मेरे परिवार के सदस्य है। यहां के लोगों ने मेरे कामों को देखा है। मैं सेवा करने के लिए राजनीति में आया हूं और मेरे एक ही लक्ष्य हैं समृद्ध, खुशहाल और विकसित अररिया बनाना।

## राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम के अवास पर पहुंची पुलिस, उनके निजी सचिव चिम्पू को वैन में बिठाकर लाया गया थाना






लोकतंत्र की आवाज

- थानाध्यक्ष ने पीआर बॉन्ड भरवाकर छोड़ा: निजी सचिव
- एएसपी रामपुकार सिंह ने छापेमारी की बात को बताया गलत

**अररिया।** आरजेडी प्रत्याशी शाहनवाज आलम के अररिया आवास पर भीड़ जमा होने की सूचना पर पुलिस पहुंची. निजी सचिव का कहना है कि पुलिस उसे उठाकर ले गई। बताया गया कि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मरहूम तस्लीम साहब के छोटे साहबजादे आरजेडी प्रत्याशी शाहनवाज आलम के आवास पर पुलिस की छापेमारी की सूचना से कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया. बात फैली कि उनके निजी सचिव को पुलिस साथ ले गई. लेकिन पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि कोई छापेमारी नहीं की गई.

**राजद प्रत्याशी के आवास के बाहर जमा थी भीड़ :** जानकारी के अनुसार, नगर थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि आरजेडी प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री शाहनवाज आलम के मीर नगर अररिया स्थित आवास के सामने लोगों की भीड़ जमा है. जिस कारण आवागमन बाधित हो रहा है. इसी सूचना पर नगर थाना से दो वाहनों में सवार पुलिस जवान उनके आवास पर पहुंची थी.मौके पर पुलिस ने वहां मौजूद प्रत्याशी के निजी सचिव सादिक हाशमी उर्फ चिम्पू को हिदायत दी कि इस भीड़ को जल्द हटाये. राजद कैंडिडेट के निजी सचिव सादिक हासमी उर्फ चिम्पू को वैन में बिठाकर पुलिस थाना ले गई। जहां आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया.

**'मुझसे पीआर बॉन्ड भरवाकर छोड़ा' :** शाहनवाज आलम के निजी सचिव सादिक हाशमी उर्फ चिम्पू ने बताया कि,"आवास के सामने कार्यकर्ताओं की भीड़ थी. उसी की सूचना पर पुलिस पहुंची. मुझे भीड़ हटाने को कहा और मुझे अपने साथ थाना ले गई. जहां नगर थाना अध्यक्ष मनीष रजक ने पूछताछ कर वरीय अधिकारी के आदेश पर पीआर बॉन्ड भरवाकर मुझे छोड़ दिया.

**'छापेमारी की बात सरासर गलत':** इस मामले में सदर एसडीपीओ एएसपी रामपुकार सिंह ने बताया कि, "छापेमारी की बात सरासर गलत है. नगर थाना को सड़क पर भीड़ होने की सूचना मिली थी. उसी सूचना पर थाना से पुलिस टीम मीर नगर आवास पर गई थी. वहां भीड़ को हटवाया गया और पुलिस टीम वहां से चली आई. उन्होंने कहा कि छापेमारी बिना एसपी के आदेश के नहीं होती है. अगर छापेमारी होती तो उस टीम में मैं जरूर होता.

**राजद कार्यकर्ताओं में रोष:** पुलिसिया कार्रवाई से आहत राजद कार्यकर्ताओं ने कहा जिला मुख्यालय में और किसी प्रत्याशी के यहां पुलिस तो नहीं पहुंची। जनता सब देख रही है। मेरे प्रत्याशी शाहनवाज के पक्ष में चल रही लहर से विपक्षी दल हैरान है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।